डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Chhenal Search @rojgaraurnirman

मास्क लगाना और अपनाना दो गज दूरी, कोरोना से बचने टीका बहुत जरूरी

बीमारू राज्य की पहचान से मुक्त हुआ मध्यप्रदेश - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, बीमारु राज्य की अपनी पहचान से मुक्त हुआ है। मध्यप्रदेश के शहर स्वच्छता और विकास में नए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। लगभग 5 करोड़ हितग्राहियों को मध्यप्रदेश में योजना में एक साथ अनाज उपलब्ध कराने का बड़ा अभियान चल रहा है। इस कार्यक्रम ने मुझे गरीबों के बीच बैठक कर बात करने का मौका दिया है। इससे गरीबों के लिए कुछ न कुछ करते रहने की मुझे ताकत मिलती है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में आयोजित निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत मिलने वाले नियमित राशन के साथ 5 किलो गेहूं और चावल हितग्राहियों को मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। यह खाद्यान्न राशन थैले में प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के 1 करोड़ 15 लाख परिवार इस खाद्यान्न वितरण से लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम प्रदेश की सभी 25 हजार 435 उचित मूल्य की दुकानों पर आयोजित किया गया।

डबल इंजन की सरकार है लाभकारी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार का सबसे बड़ा लाभ यही है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को राज्य सरकार और संवार देती है। इससे योजनाओं की ताकत बढ़ती है। मध्यप्रदेश में स्किल डेव्हलपमेंट, स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचना निर्माण, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेल तथा रोड कनेक्टिविटी आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व गतिशीलता है।

कोरोना सौ वर्षों में आयी सबसे बड़ी आपदा

श्री मोदी ने कहा कि कोरोना सौ वर्षों में आयी सबसे बड़ी आपदा है। हमारे देश की जनसंख्या अधिक होने के कारण हमें कई मोर्चों पर एक साथ लड़ना पड़ा। हमें स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचना तैयार करने के साथ करोड़ों लोगों को राशन पहुंचाने, उनके रोज़गार की व्यवस्था करने जैसी चुनौतियों का भी सामना करना था। इन परिस्थितियों में सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब को दी गई। 80 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को निःशुल्क राशन पहुंचाने के साथ आठ करोड़ लोगों को गैस और 20 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन खातों में 30 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए।

त्योहारों पर लें हस्तशिल्प उत्पाद

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 7 अगस्त को ही वर्ष 1905 में स्वदेशी आंदोलन आरंभ हुआ था। यह दिवस हाथकरघा को समर्पित किया गया है। हस्तशिल्प, हाथकरघा और कपड़े की कारीगरी को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने त्योहारों में हस्तशिल्प का कोई न कोई उत्पाद लेकर लोकल उत्पाद को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई।

वैभवशाली भारत बनाने का है संकल्प

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का प्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का दसों दिशाओं में विकास हुआ है। उनका वैभवशाली और गौरवशाली भारत बनाने का संकल्प है। विकास का प्रकाश हर गरीब तक पहुंचेगा।

मध्यप्रदेश में एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को मदद पहुंचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। प्रदेश में किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया और राज्य शासन ने एमएसपी पर रिकॉर्ड मात्रा में खरीद की व्यवस्था भी की। मध्यप्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए देश में सबसे अधिक खरीद केन्द्र बनाए गए। राज्य सरकार ने 17 लाख से अधिक किसानों से गेहूं खरीदा और उनके खातों में 25 हजार करोड़ रुपये सीधे पहुंचाये।

कोरोना के प्रति सतर्कता आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के प्रति सतर्कता आवश्यक है। आने वाले दिनों में उत्सवों के बीच कोरोना के प्रति लापरवाही उचित नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मास्क, टीकाकरण और दो गज की दूरी का पालन आवश्यक है। श्री मोदी ने कहा कि हमें स्वस्थ और समृद्ध भारत का संकल्प लेना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश की 25 हजार से अधिक दुकानों पर एकत्र हुए प्रदेशवासियों का आभार माना।

मध्यप्रदेश में

प्रत्येक संभाग में हो कम से कम एक उत्कृष्ट संस्थान

भोपाल, भोपाल के उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की तरह ही प्रदेश के हर संभाग में कम से कम एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान होना चाहिए, जिनका हम गर्व से परिचय दे सकें। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना और उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा नीति में उत्कृष्ट संस्थानों को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में परिवर्तित होना है। संस्थान स्वयं अपनी परीक्षा आयोजित करेंगे एवं स्वावलंबी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की कल्पना तभी सार्थक होगी, जब वे छात्रों के जीवन में बदलाव ला सकें। उन्होंने कहा कि डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के माध्यम से हम उच्च शिक्षा को अधिक जॉब ओरिएंटेड बना सकते हैं।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के शेष आवेदनों के लिये पोर्टल पुनः खुलेगा

भोपाल, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण के लिये आयोजित बैठक में अहम निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये अनुसूचित जाति विकास अंतर्गत एनआईसी पोर्टल को शैक्षणिक सत्र 2020-21 के शेष आवेदनों के संबंध में पोर्टल 15 दिवस के लिये पुनः खोला जाएगा।

आवेदन संबंधी समस्त कार्यवाही सम्पन्न कराई जायेगी। इस बारे में सभी संबंधितों को पूर्व सूचना उपलब्ध कराई जायेगी।

खास खबर

कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंध बीस अगस्त तक रहेंगे प्रभावशील

भोपाल, राज्य के विभिन्न जिलों में कोविड-19 संक्रमण की दर में कमी को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों को 20 अगस्त 2021 तक बढ़ाया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि गृह विभाग द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जो 10 अगस्त 2021 तक प्रभावशील हैं। जो अब 20 अगस्त 2021 तक प्रभावशील रहेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

आत्मनिर्भर नारी शक्ति से प्रधानमंत्री का संवाद

जैविक खाद, कीटनाशक और अन्य उत्पादों का ऑनलाइन करें विक्रय

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी अनूपपुर जिले की मास्टर सामुदायिक स्रोत व्यक्ति (सीआरपी) कृषि, सुश्री चंपा सिंह से सीधा संवाद किया। प्रधानमंत्री ने चंपा के अनुभव सुनने के बाद सुझाव दिया कि वह जैविक खाद, कीटनाशक एवं अन्य उत्पाद ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से बेचें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सकें। इससे मुनाफा तो होगा ही साथ में लोगों को कम लागत एवं उन्नत जैविक कृषि के लिये उनके अनुभवों का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा।

प्रधानमंत्री ने देश के पांच राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, तमिलनाडु और मणिपुर की समूहों से जुड़ी आत्म-निर्भर महिलाओं से संवाद किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया गया।

सुश्री चंपा सिंह ने बताया कि बचपन में पिता का देहांत होने के बाद बड़ी मुश्किलों से उनकी मां ने पालन-पोषण कर विवाह किया। दुर्भाग्यवश विवाह के दो माह बाद ही पति का देहांत हो गया। इस विकट परिस्थिति से जूझने में सबसे बड़ा सहारा आजीविका मिशन के समूह से मिला। समूह से जुड़ने के बाद 100 से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त किये, जो अलग-अलग विषयों पर आधारित थे। इनमें से एक कृषि सखी प्रशिक्षण भी था। कृषि सखी का प्रशिक्षण लेकर अपने क्षेत्र के साथ अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश सहित साढ़े पांच हजार महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया।

सुश्री चंपा सिंह ने बताया कि प्रारंभ में 75 हजार रुपये का ऋण स्व-सहायता समूह से तथा मुख्यमंत्री स्व-रोज़गार योजना से 1 लाख रुपये का ऋण लिया था। इस राशि से कृषि किसान सेवा केंद्र खोला। केंद्र पर जैविक खाद, जैविक कीटनाशक, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, आग्नि आस्त्र बेचना शुरू किया। ये सब जैविक हैं जो घर में बनाये जाते हैं। पहले मां-बेटी मिलकर साल में 50 हजार भी नहीं कमा पाती थीं और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता था। अब साल में लगभग ढाई से तीन लाख रुपये की आय हो जाती है। चर्चा के दौरान चंपा का आत्म-विश्वास एवं बेबाकी से उत्तर देने का लहजा देखकर प्रधानमंत्री ने बार-बार प्रशंसा की।

विवेक सागर को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि के साथ डीएसपी का पद

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ओलिंपिक हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर के परिवार को पक्का मकान दिलवाएगी। श्री विवेक सागर का परिवार जिस नगर या ग्राम में मकान चाहेगा, वहीं उपलब्ध करवाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने विवेक सागर को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि का चेक प्रदान करते हुए मध्यप्रदेश शासन में डी.एस.पी. (उप पुलिस अधीक्षक) का पद देने की भी घोषणा की।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है। राज्यों को इस दिशा में रुचि लेकर खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं दिलवाना है, जिससे वे स्वर्णिम इतिहास रच सकें। टोक्यो ओलिंपिक में भारत को हॉकी में मिला कांस्य पदक सिर्फ पदक नहीं है, बल्कि यह हॉकी का पुनर्जागरण है।

मुख्यमंत्री ने श्री विवेक सागर के सहायक कोच श्री शिवेन्द्र सिंह को 25 लाख रुपये की सम्मान निधि देने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि जिद, जुनून और जज्बा हो तो आसानी से सफलता मिलती है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

7 अगस्त

लद्दाख घूमने के लिए नहीं होगी इनर लाइन परमिट की आवश्यकता

● केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में भारतीय सैलानियों और स्थानीय लोगों को अपनी यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट की जरूरत नहीं होगी। लद्दाख में आने वाले लोगों को पहले यहां की यात्रा के लिए एक विशेष इनर लाइन परमिट लेना होता था। 2017 में शुरू हुई इस परमिट व्यवस्था के तहत 300 रुपये का पर्यावरण शुल्क और 100 रुपये का रेड क्रॉस शुल्क लिया जाता था। अब इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। इनर लाइन परमिट एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज होता है। इस तरह का परमिट भारतीय नागरिकों को देश के अंदर के किसी संरक्षित क्षेत्र में एक तय समय के लिए यात्रा की इजाजत देता है। इनर लाइन परमिट की व्यवस्था को वर्ष 1873 में ब्रिटिश शासनकाल के समय लागू किया गया था।

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेंस-2021 के थर्ड सेशन का रिजल्ट जारी

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

किया। इसमें 17 अभ्यर्थियों को 100 प्रतिशत अंक मिले हैं। इनमें आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के 4-4, दिल्ली, हरियाणा और उत्तरप्रदेश से 2-2 और बिहार, राजस्थान और कर्नाटक से एक-एक अभ्यर्थी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश से कर्णम लोकेश, डी.वी. पनीश, पी.वी. शिवा, के.आर. नायडू, तेलंगाना से पोलु लक्ष्मी साई लोकेश रेड्डी, मधुर आदर्श रेड्डी, वी. वेंकटा और जे.वी. आदित्य, वहीं बिहार के वैभव दिल्ली के रुचिर, प्रवर कटारिया सहित हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थी शामिल हैं।

8 अगस्त

अब वैक्सीन सर्टिफिकेट व्हाट्सएप पर भी

● कोरोना वैक्सीन लगवाने के बाद सर्टिफिकेट अब आपको मोबाइल पर उपलब्ध होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है, जिस पर मैसेज करने के बाद आपको मोबाइल पर वैक्सीन सर्टिफिकेट मिल जाएगा। मंत्रालय ने इसके लिए +91-9013151515 नंबर जारी किया है। इस नंबर को मोबाइल पर सेव करने के बाद कोविड सर्टिफिकेट टाइप कर इसे भेजना होगा। इसके बाद 6 अंकों का वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आयेगा, जिसे सब्मिट करते ही आपको आपका सर्टिफिकेट मिल जाएगा।

● अमेरिका के अलास्का में हुए प्लेन क्रैश में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 यात्री और 1 पायलट शामिल हैं। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के अनुसार दक्षिणी अलास्का में एक साइट सीइंग प्लेन हादसे का शिकार हो गया। एमएच- 60 जेहॉक हेलीकॉप्टर के क्रू मेंबर्स ने इसके मलबे का पता लगाया। खराब मौसम के चलते यह दुर्घटना होने की आशंका है। तटरक्षक बल ने बताया कि हादसे के समय घटना स्थल पर धुंध छाई थी और हल्की बारिश भी हो रही थी। इस दौरान हवा थोड़ी तेज थी और विजिबिलिटी केवल 2 मील ही थी। विमान के लापता होने के बाद अलास्का स्टेट ट्रूपर्स और कोस्ट गार्ड ने मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

9 अगस्त

दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में स्थापित होगी तारादेवी की मूर्ति

● जबलपुर स्थित तेवर में खुदाई के दौरान प्राप्त हुई तारादेवी की मूर्ति अब दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में प्रदर्शित होगी। हजारों वर्ष पुरानी यह मूर्ति पुरातत्व विभाग को तेवर स्थित खुदाई कैंप में मिली थी। एक पत्थर में अद्भुत कारीगरी के साथ तैयार हुई इस मूर्ति को मूर्तिकला की शुरुआत और तेवर में बौद्ध धर्म की स्थापना का प्रतीक माना गया है। मूर्ति की छवि 10वीं-11वीं सदी की कलचुरी कला के समान है। हाल ही में केंद्रीय पुरातत्व विभाग की हाईलेवल कमेटी ने इसका चयन दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय के लिए किया है। इस मूर्ति को खोजने वाली एएसआई जबलपुर सर्किल की टीम मूर्ति के चयन को बड़ी उपलब्धि मान रही है। इन दिनों मूर्ति का वैज्ञानिक परीक्षण और वैल्यूवेशन इंदौर की टीम कर रही है।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयं) की परीक्षा 2021 की तारीखों की घोषणा कर दी है। अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट लेवल के नॉन-टेक्निकल कोर्सेज के लिए 28 और 29 अगस्त, 2021 को यह परीक्षा होगी। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को पत्र लिखकर कहा है कि जिन्होंने भी गैर तकनीकी यूजी/पीजी कोर्स के लिए स्वयं प्लेटफॉर्म पर जनवरी-अप्रैल 2021 सेमेस्टर का नामांकन कराया है, वे परीक्षा के लिए examform.swayam.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

● चीन ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा गोंगर हवाई अड्डे का बड़ा विस्तार किया है। इस हवाई अड्डे पर भारी-भरकम व्यवस्थाओं के साथ एक नया टर्मिनल तैयार किया गया। 60.3 करोड़ डॉलर (करीब 4500 करोड़ रुपये) खर्च करके हवाई अड्डे पर 80 हजार मीट्रिक टन कार्गो क्षमता बढ़ाई गई है। यात्रियों की क्षमता भी इस टर्मिनल के बनने से 75 फीसदी बढ़ गई है। चीन को हवाई अड्डे के विस्तार से अपनी सेना और हथियारों की तुरंत आपूर्ति में मदद मिलेगी। इससे पहले चीन ने ल्हासा से निंगची के बीच पहली हाई स्पीड ट्रेन शुरू की थी। भारत की सीमा से लगे शहरों में चीन हवाई, सड़क और रेल परिवहन में तेजी से विस्तार कर रहा है।

10 अगस्त

कोविशील्ड और कोवैक्सीन की मिक्सिंग स्टडी को डीसीजीआई की मंजूरी

● ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने कोवैक्सीन और

Drugs Controller General of India

कोविशील्ड वैक्सीन की मिक्सिंग पर स्टडी को लेकर मंजूरी दे दी है। कोरोना वायरस के दो टीकों को मिक्स करने के बाद कोरोना संक्रमण से जंग में भारत एक कदम आगे बढ़ गया है। मिक्सिंग की स्टडी और क्लीनिकल ट्रायल करने की जिम्मेदारी वेल्लोर के क्रिश्च्यन मेडिकल कॉलेज को मिली है। केंद्रीय दवा नियामक की सबजेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने 29 जुलाई को इस स्टडी को कराने का सुझाव दिया था। ट्रायल में 300 स्वस्थ वॉलेंटियर्स पर कोवैक्सीन और कोविशील्ड वैक्सीन की मिक्सिंग के प्रभाव जांचे जाएंगे।

● दुबई जाने वाले लोगों के लिए दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों ने नए नियम जारी किए हैं। इसके अनुसार अब सिर्फ गोल्डेन वीजा धारक यात्रियों को ही दुबई जाने की अनुमति होगी। जिनके पास गोल्डेन वीजा नहीं होगा उन यात्रियों को दुबई के अधिकारियों से अनुमति लेना होगी। यह नियम भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल से जाने वाले यात्रियों पर लागू होगा। नए नियमों के मुताबिक कोविड-19 वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यूएई की अमीरात एयरलाइन के मुताबिक भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, नाइजीरिया और युगांडा के यात्रियों को दुबई की यात्रा करने की अनुमति होगी। सिर्फ यहां के यात्रियों के पास यूएई का रेजिडेंट वीजा होना चाहिए। यात्रियों को यात्रा से पहले डायरेक्टरेट ऑफ रेजिडेंसी एंड फॉरेन अफेयर्स की मंजूरी लेनी होगी।

● रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने समय पर अपनी एटीएम मशीन में पैसे नहीं डालने वाले बैंकों पर जुर्माना लगाने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा है कि एटीएम मशीन में पैसे ना होने से ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक अक्टूबर से ऐसे बैंक जो अपने एटीएम में समय रहते कैश नहीं भरेंगे तो इसके लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। आरबीआई ने कहा कि यदि एक महीने में किसी एटीएम में 10 घंटे से ज्यादा समय तक कैश मौजूद नहीं रहता है तो संबंधित बैंक पर प्रति एटीएम जुर्माना लगाया जाएगा।

11 अगस्त

यूजीसी दिसंबर 2020 और जून 2021 की परीक्षा हुई मर्ज

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट)

UGC
University Grants Commission

2021 की परीक्षा का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार इस साल यह परीक्षा 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी यूजीसी के पोर्टल ugcnet.nta.nic.in के जरिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन 5 सितंबर तक होंगे। वहीं, यूजीसी ने कोरोना के कारण दिसंबर 2020 की परीक्षा को जून 2021 में होने वाली परीक्षा में मर्ज कर दिया है।

● हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में भू-स्खलन की घटना हुई। यह घटना शिमला-किन्नौर राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर ज्यूरी रोड के निगोसारी और चौरा के बीच हुई। जहां अचानक एक पहाड़ दरक गया। पहाड़ दरकने से चट्टानें एक बस और कुछ गाड़ियों पर जा गिरीं। इस घटना में 60 से अधिक यात्री मलबे में फंस गए, जिनमें 13 से अधिक यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया। करीब 10 लोगों के शव भी बरामद हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। बस में करीब 25 यात्री बैठे थे। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और आईटीबीपी की टीमें बचाव एवं राहत कार्य में जुटी हैं। मलबे में फंसी बस हिमाचल रोडवेज की है, जो मूरंग से हरिद्वार जा रही थी। एक बस, एक ट्रक, बोलेरो और 3 टैक्सियों पर चट्टानें गिरी हैं। इससे पहले भी 25 जुलाई को किन्नौर में भू-स्खलन के बाद पहाड़ी से चट्टानें इतनी तेजी से नीचे गिरीं कि बस्पा नदी का पुल टूट गया था और इस हादसे में 9 पर्यटकों की मौत हो गई थी।

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी इंजन के साथ

DRDO
DEFENCE R&D ORGANISATION
MINISTRY OF DEFENCE

निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर रेंज में किया गया। मिसाइल का परीक्षण सुबह 9.55 बजे शुरू हुआ। मिसाइल ने 100 किलोमीटर की उड़ान भरी। परीक्षण के दौरान मिसाइल को (0.7 मैक से 0.9 मैक) 864 किलोमीटर से 1111 किलोमीटर की गति मिली। मिसाइल 300 किलोग्राम के हथियार को ले जाने में सक्षम है। पिछले साल अक्टूबर 2020 में निर्भय मिसाइल का परीक्षण 8 मिनट की उड़ान के बाद तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया था।

12 अगस्त

आयुष्मान भारत योजना से 2 करोड़ लोगों को मिला लाभ

● केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना से देश में अब तक 2 करोड़ लोगों को इलाज मिल चुका है। केंद्र सरकार ने कोविड 19 के दौरान गरीब परिवारों के स्वास्थ्य देखभाल में खर्च हुई राशि का ब्यौरा देते हुए बताया कि अब तक देशभर में योजना से लाभान्वित हुए लोगों पर 24,686 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के आंकड़ों के अनुसार अब तक 16.20 करोड़ पात्र लाभार्थियों को योजना के तहत सत्यापित कर उन्हें आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। एनएचए ने कहा निर्धारित दर के साथ कोविड चिकित्सा एवं डाइग्नोस्टिक जांच के साथ 1,669 प्रक्रिया को मिलाकर 918 हेल्थ बेनिफिट पैकेज (एचबीपी) हैं। अभी तक देशभर में लगभग 23 हजार सरकारी और निजी अस्पतालों का एक नेटवर्क आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 25 जुलाई तक 20.32 लाख नमूनों की कोविड-19 जांच की गई और 7.08 लाख मरीज अस्पताल में भर्ती हुए।

● देश के शैक्षिक रूप से पिछड़े 374 जिलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लागू करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय राज्यों के साथ मिलकर विशेष मुहिम शुरू करने जा रहा है। यह मुहिम उन जिलों में शुरू होगी जहां मौजूदा समय में उच्च शिक्षा के साथ स्कूली शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। इन सभी जिलों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत समग्र शिक्षा सहित उच्च शिक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से लागू किया जाएगा। साथ ही शैक्षिक पिछड़ेपन से मुक्ति दिलाने की समयसीमा भी तय की जाएगी। शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की है। इन जिलों को जिन प्रमुख मानकों के आधार पर चुना गया है उनमें सकल नामांकन दर का राष्ट्रीय औसत से कम होना है। जिले में 18 से 23 वर्ष की कुल जनसंख्या में महाविद्यालयों का अनुपात और प्रति महाविद्यालय के औसत नामांकन शामिल हैं। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश के 41 जिले शामिल हैं। वहीं बिहार के 25 जिले, मध्यप्रदेश के 39 जिले, पंजाब के 13 जिले और झारखंड के 12 जिले शामिल हैं।

● गूगल ने 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अपने नियमों में बदलाव किया है। कंपनी ने ऑनलाइन सेफ्टी को बढ़ावा देने के मकसद से गूगल सर्च और यूट्यूब इस्तेमाल के नियम को सख्त कर दिया है। इस नियम के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चे अगर चाहेंगे तो उनकी तस्वीर सर्च इमेज से हटा दी जाएगी। इस तरह का अनुरोध बच्चों के माता-पिता भी कर सकेंगे। इसके अलावा लोकेशन हिस्ट्री भी ऑफ रहेगी। 13 साल से कम उम्र के बच्चों को स्टैंडर्ड गूगल अकाउंट बनाने की इजाजत नहीं होगी।

13 अगस्त

सीआईएससीई बोर्ड साल में दो बार करवाएगा परीक्षा

● काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेशन एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 से परीक्षा की प्रक्रिया में बदलाव का निर्णय लिया है। अब सीआईएससीई एक वर्ष में दो सेमेस्टर आयोजित करेगा। एक सेमेस्टर में 50 प्रतिशत सिलेबस के आधार पर परीक्षा होगी। हर सेमेस्टर में आईसीएसई के लिए 80 अंक का पेपर और आईएससी के लिए 70 अंक का पेपर होगा। पहले सेमेस्टर की परीक्षा नवंबर और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी। दोनों सेमेस्टर का परीक्षा प्रारूप भी बदला है। पहले सेमेस्टर की परीक्षा ऑब्जेक्टिव सवालों पर आधारित होगी। जबकि दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा कोरोना संक्रमण की स्थिति के अनुसार तय की जाएगी। अगर संक्रमण की स्थिति सामान्य होती है तो परीक्षा ऑफलाइन होगी, नहीं तो परीक्षा ऑनलाइन होगी।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट (ईओएस-3) के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) एफ 10 रॉकेट ने उड़ान भरी। सुबह 5.45 मिनट पर हुए इस लॉन्चिंग मिशन में कंट्रोल सेंटर को रॉकेट के तीसरे हिस्से में लगे क्रायोजेनिक इंजन से सिग्नल और आंकड़े मिलना बंद हो गए। इसके बाद इसरो ने कहा कि यह मिशन तकनीकी कारणों से सफल नहीं हो पाया। अगर यह मिशन सफल होता तो सुबह 10.30 बजे से यह सैटेलाइट भारत की तस्वीरें लेना शुरू कर देता। यह रॉकेट 52 मीटर ऊंचा और 414.75 टन वजनी था। इसमें तीन स्टेज हैं जो 2500 किलोग्राम तक के सैटेलाइट को जियोट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। ईओएस-3 सैटेलाइट का वजन 2268 किलोग्राम है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 33 16.08.2021 से 22.08.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सहकारिता के जरिये प्रदेश में अधिकाधिक रोज़गार

सहकारिता हमारे संस्कारों एवं संस्कृति में है। हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के मार्ग पर चलते हैं। सबके लाभ, सबके कल्याण और सबकी भलाई की सोच ही सहकारिता है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय में 'मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन, नई ऊर्जा, नई मशीन और नये क्षितिज' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल में सहकारिता के जरिये आपदा नियंत्रण का आदर्श प्रस्तुत किया। जिला, ब्लॉक, वार्ड एवं ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों ने कोरोना नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता भगवान की तरह ही सर्वव्यापी है तथा सबका कल्याण करती है। विशेष रूप से यह समाज के कमजोर लोगों के लिये अत्यंत उपयोगी है। उनके पास बुद्धि, दक्षता, क्षमता तो है पर आर्थिक और अन्य संसाधन नहीं हैं। सहकारिता उन्हें यह सब प्रदान करती है। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला स्व-सहायता समूहों ने सहकारिता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रदेश में इन्हें सशक्त बनाने के लिये 14 सौ करोड़ रुपये का बैंक ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता के जरिये अर्थव्यवस्था का नव-निर्माण किया जायेगा। पर्यटन, डेयरी, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहकारिता को मजबूत बनाया जायेगा। प्रदेश में सहकारिता ग्रोथ का इंजन बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फसलों का बंपर उत्पादन है। यहां देश में सर्वाधिक गेहूं होता है, उद्यानिकी फसलों का भी बहुत उत्पादन है। प्रदेश में सहकारिता के जरिये फूड-प्रोसेसिंग को अधिकाधिक बढ़ावा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अमूल के क्षेत्रीय निदेशक श्री आर.एस. सोढ़ी से कहा कि अमूल की कमाल की मार्केटिंग है, 'अमूल दूध पीता है इंडिया' गीत मेरी जुबान पर भी है। कार्यशाला में जब मुख्यमंत्री को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये आमंत्रित किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं विद्यार्थी हूं, मार्गदर्शक नहीं। यहां सहकारिता के बड़े-बड़े विशेषज्ञ आये हैं। मैं उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करने आया हूं। इस अवसर पर अमूल के क्षेत्रीय निदेशक श्री आर.एस. सोढ़ी ने कहा कि सहकारिता उन छोटे-छोटे कार्य करने वाले व्यवसायियों और कामगारों के लिये है, जो अकेले कुछ नहीं कर सकते हैं। वे साथ मिलकर बहुत अच्छा कार्य कर सकते हैं। सहकारिता के क्षेत्र को लाभदायक बनाने के लिये इसमें पेशेवर लोगों की सहायता लेनी होगी। आधुनिक तकनीकि का उपयोग भी आवश्यक है। मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर भी ध्यान देना होगा। श्री सोढ़ी ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है और इसके लिये मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिये काम कर रही है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में महिला, किसान, जंगलों में काम करने वाले श्रमिक जैसे लोग इसके जरिये अपनी आजीविका को आसान बनाते हैं।

कृत्रिम त्वचा बतायेगी सेहत का हाल

मनुष्य के शरीर में त्वचा का महत्व बहुत है। बहुत-सी तकलीफों का पता त्वचा से लगाया जाता है। अब मनुष्य के लिये कृत्रिम त्वचा विकसित की गई है। यह पसीना रहित है। इसे इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट स्किन का नाम दिया गया है। इसमें सेंसर से लैस स्टिकी पैच हैं, जो सेहत की निगरानी करेंगे, वह भी त्वचा को कोई नुकसान पहुंचाये बिना, इसे पहनने वाले को पसीना आने की स्थिति में भी वह बखूबी काम करेगी। पैच भी मानव शरीर के रोम छिद्रों की तरह ही पसीने की कृत्रिम नलिकाओं के साथ प्रतिरूपित हैं। शोधकर्ताओं ने इन्हें अल्ट्राथिन परतों के माध्यम से उकेरा है। यह कृत्रिम त्वचा जापानी पेपर आर्ट किरिगामी से प्रेरित होकर डिजाइन की गई है। पैच में छिद्र उकेरे गये हैं। एमआईटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के जीवॉन किम का कहना है कि इस डिजाइन वाली सांस लेने योग्य त्वचा से जुड़ी कोई जानकारी गलत नहीं होगी और यह त्वचा से अलग भी नहीं होगी। इसके साथ वियरेबल सेंसर हैं, जो निरंतर सेहत की निगरानी करने में सक्षम हैं। नैनो फाइबर से बनी ई-स्किन के लंबे समय तक काम करने के लिये इसे न केवल वाष्प बल्कि पसीने से बचाव के योग्य भी होना होगा। किम ने कहा कि हमने इस बात का ध्यान रखा कि ई-त्वचा और इसे पहनने वाले की वास्तविक त्वचा के बीच पसीना जमा होने से रोका जा सके। किम का समूह लचीली सेमीकंडक्टर फिल्मों के निर्माण में माहिर है, उन्होंने रिमोट एपिटैक्सी तकनीक अपनाई है। इसमें उच्च तापमान पर वेफर्स पर अल्ट्राथिन फिल्मों को बढ़ाना शामिल है, जिसे सेंसर बनाने के लिये जोड़ सकते हैं। इन सेंसर को ज्यादा पतला और अधिक लचीला भी बना सकते हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस | **12 अगस्त**

युवाओं की दक्षता, ऊर्जा और वैचारिक मेधा की पहचान जरूरी है

विश्व के सर्वांगीण विकास में युवाओं के अवदान को रेखांकित करने के लिये संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मंतव्य सदस्य देशों का ध्यान युवाओं से जुड़े मुद्दों, उनकी समस्याओं और विश्व के विकास में उनके अवदान के आकलन पर केन्द्रित करना होता है। मौजूदा स्थिति में विश्व के सर्वांगीण विकास और विश्व शान्ति के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये युवाओं की दक्षता, ऊर्जा और वैचारिक मेधा की पहचान बेहद जरूरी है और अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस इसी पहचान को सम्भव बनाता है। वर्ष 2000 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया था।

इस आयोजन की आरम्भिक रूपरेखा वर्ष 1985 में ही बन गई थी जब संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव के द्वारा वर्ष 1985 को अंतर्राष्ट्रीय युवा वर्ष के रूप में मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के लिए प्रारूप वर्ष 1991 में संयुक्त राष्ट्र के विश्व युवा मंच के पहले सत्र के लिए ऑस्ट्रिया के वियना में इकट्ठा हुए युवाओं द्वारा प्रस्तावित किया गया था। मंच ने सिफारिश की कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन प्रचार के उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र युवा कोष के लिए धन एकत्र करने के लिए भी किया गया था। किसी भी देश का युवा उस देश के विकास का सशक्त आधार होता है, लेकिन जब यही युवा अपनी सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेदारियों को भुलाकर विलासिता के कार्यों में अपना समय नष्ट करता है, तब देश बर्बादी की ओर अग्रसर होने लगता है। इसी कर्तव्यविमुख युवा को सर्वांगीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के यत्न का उपक्रम इस दिन किया जाता है।

युवा आबादी ही किसी भी देश की वास्तविक ताकत और बुनियाद है

किसी भी देश की वास्तविक ताकत का अंदाजा उसके युवाओं की संख्या पर निर्भर करता है, युवा वस्तुतः किसी भी देश की बुनियाद होते हैं। राजनीति से लेकर व्यापार तक सब कुछ निर्भर करता है कि उसको चलाने वाले वरिष्ठजन कैसे हैं? जब वरिष्ठजन के साथ युवाओं का जोश मिल जाता है तो फिर किसी भी क्षेत्र में कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस लिए सरकारें अपने देश के युवाओं पर बहुत ध्यान देती हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई, खेल कूद उनके प्रशिक्षण पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती हैं। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था वहां की राजनीति व्यापार आदि में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनको बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच और एक दिन की जरूरत को महसूस कर ही बारह अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पन्द्रह से 24 साल की उम्र की आबादी को युवा की श्रेणी में रखता है। इस उम्र की आबादी से दुनिया की आबादी का 16वां हिस्सा बनता है, इसमें पुरुष और महिला दोनों को शामिल किया जाता है। भारत में लगभग पैंसठ प्रतिशत आबादी युवाओं की श्रेणी में आती है, इस लिहाज से भारत विश्व का सबसे युवा देश है और इस श्रेणी की तेजी से वृद्धि हो रही है भारत में।

युवा दिवस का आयोजन युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ता है

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर देश विदेश में कई कार्यक्रम होते हैं, जिसमें वहां की सरकारें और गैर सरकारी संस्थाएं हिस्सा लेती हैं। जहां विचार-विमर्श किया जाता है कि कैसे युवाओं को सर्वांगीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उनकी सकारात्मक शक्ति का उपयोग समाज और राष्ट्र के निर्माण में किया जाए। यहां युवाओं की शिक्षा रोज़गार से जुड़े मुद्दे मुख्य रूप से चर्चा का विषय होते हैं, अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, नृत्य, लेखन आदि में जिन युवाओं ने अपना मुकाम बनाया है, उनको प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाता है, ताकि वो और अच्छा करें और उनको देखने वाले उनसे प्रेरित होकर अपना योगदान समाज को दे सकें। युवा दिवस के दिन स्कूल व कॉलेजों में विशेष आयोजन किये जाते हैं एवं किशोर व युवाओं को खेल, सेमीनार, निबंध-लेखन के लिये प्रतियोगिता, प्रस्तुतीकरण, योगासन, सम्मेलन, गायन, संगीत, व्याख्यान, परेड आदि के द्वारा सभी स्कूल, कॉलेज में युवाओं के द्वारा युवा दिवस मनाया जाता है। कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो वर्ष से बचाव के अनुशासन के कारण युवा दिवस के सभी आयोजन वास्तविक स्वरूप (एक्चुअली) में न होकर आभासी स्वरूप (वर्चुअली) हो रहे हैं। युवा दिवस पर कई देशों में पूर्व में घोषित राष्ट्रीय युवा नीतियों की समीक्षा भी की जाती है और उसमें युवा कल्याण के कुछ नवाचारों को भी जोड़ा जाता है। युवाओं को आगे बढ़ने में सहायता देने वाले नये प्रकल्प भी इसी दिन स्वीकृत किये जाते हैं।

कोरोना संक्रमण से वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रभावित हुई युवा आबादी

कोरोना वायरस के वैश्विक संक्रमण से विश्व के लगभग सभी देशों की वित्तीय संरचना ध्वस्त हुई है और उसका सर्वाधिक दुष्परिणाम युवाओं को ही भुगतना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति भारत जैसे विकासशील देशों में देखने को मिली, जहां सकल घरेलू उत्पाद-ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्शन के पूर्वानुमान नकारात्मक वृद्धि दर की ओर चले गए। विकासशील देश पर बेरोज़गारी की भयंकर मार पड़ रही है और गरीबी उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति के भी उलटी गति पकड़ने का डर है। विकासशील देशों के युवा वस्तुतः तिहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्हें नियोजन के क्षेत्र की बदहाली के कारण बेरोज़गारी से जूझना पड़ रहा है, तो शिक्षा व्यवस्था में व्यवधान से पढ़ाई छोड़ने का दबाव भी बढ़ गया है और डिजिटल फासले के कारण आने वाली मुश्किलें भी इन देश के युवा झेल रहे हैं। परीक्षा में लगातार विलम्ब के चलते, उन्हें न तो डिग्रियां मिल पा रही हैं और न ही वो नौकरी की तलाश के लिए स्वतंत्र हो पा रहे हैं। इन स्थितियों के कारण ही विकासशील देश अन्य देशों और संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर इन युवाओं की दिक्कतों पर विमर्श कर सकते हैं।

विकासशील देश इस दिन करते हैं युवाओं के प्रवासन पर गंभीर विमर्श

आज विश्व की बहुसंख्य युवा आबादी सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह आजीविका के लिए जा रहे हैं, जिससे उन राष्ट्रों के निर्माण खासतौर पर वित्तीय स्वावलम्बन में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे विकासशील राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को अपने ही देश में समुचित रोज़गार नहीं दे पाती है अपितु युवाओं के ऐसे प्रवासन से देश के विकास का सशक्त आधार ही समाप्त हो जाता है। प्रवासन की इस समस्या को विश्व के कई राष्ट्राध्यक्ष अब गंभीरता से नहीं लेते हैं, क्योंकि आर्थिक उदारीकरण और ग्लोबल विलेज़ के बाद अब युवा भी अपनी क्षमता के आधार पर पैकेज के लिए देश से बाहर जाने में संकोच नहीं करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर इस प्रवासन पर विकासशील देश विमर्श तो करते हैं मगर इसमें स्वदेश वापसी नहीं हित संरक्षण का मुद्दा चर्चा में होता है।

खाद्य प्रणाली के परिवर्तन पर केंद्रित होगी इस वर्ष की थीम

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम रखी गई है 'ट्रांसफॉर्मिंग फूड सिस्टमः यूथ इनोवेशन फॉर ह्यूमन एंड प्लैनेटरी हेल्थ'। खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन के इस मुद्दे का उद्देश्य इस बात पर प्रकाश डालना है कि इस तरह के वैश्विक प्रयास की सफलता युवा लोगों की सार्थक भागीदारी के बिना हासिल नहीं की जा सकती है। इसके माध्यम से, हम स्वीकार करते हैं कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी आहार व्यवस्था रूपांतरित हो उसके लिए एक ऐसा समावेशी समर्थन तंत्र बेहद आवश्यक है, जिसमें युवा भाग लेते रहें और वैश्विक स्तर पर ऐसी व्यवस्था के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से प्रयत्न जारी रखें। यह भी मानना है कि खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन में जैव विविधता को एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। जनसंख्या बढ़ती रहती है और अगले 30 वर्षों में इसके 2 अरब तक बढ़ने की संभावना है। यह माना जाता है कि केवल अधिक मात्रा में अधिक स्थायी रूप से भोजन का उत्पादन करने से मानव मात्र की भलाई सुनिश्चित नहीं होगी। गरीबी में ऊपर उठने, सामाजिक समावेशन, स्वास्थ्य देखभाल, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन शमन सहित अन्य महत्वपूर्ण चुनौतियां भी हैं। युवा शिक्षा, प्रतिबद्धता, विकास और उद्यमशीलता के समाधान के माध्यम से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को इस क्षेत्र के नवाचार को उच्चस्तरीय खाद्य प्रणाली पर विमर्श के लिए होने वाले शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत करने का अवसर भी मिलेगा। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन और बच्चों और युवाओं के लिए प्रमुख समूह के सहयोग से आर्थिक एवं सामाजिक कार्य विभाग (डीईएसए) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 2019 में बदलती शिक्षा, वर्ष 2018 में युवाओं के लिए सुरक्षित स्थान, वर्ष 2017 में शांति की कायमी में युवाओं की भूमिका, वर्ष 2016 में द रोड टू 2030, गरीबी उन्मूलन और सतत उपभोग और उत्पादन का उच्चांक प्राप्त करना और वर्ष 2015 की थीम थी यूथ सिविक इंगेजमेंट।

इस दिन कुछ युवाओं को सम्मानित भी किया जाता है

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का एक उद्देश्य सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्रों में सोद्देश्य भागीदारी और आविष्कार करने वाले युवा को सम्मानित करना भी है। वैश्विक परिवर्तन जहाँ अनेक उपलब्धियां सुविधाएं और चमत्कार लेकर आ रहे हैं वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता की चुनौती भी है, ताकि युवा वर्ग इतना क्षमतावान हो कि वह तेजी से हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके और नई खोज नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली को परिवर्तित कर सके। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है। यह प्रतिस्पर्धा एक और समाज को सुख शांति तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है और दूसरी तरफ चिंता, निराशा, व्यसन और बेलगाम उपद्रव की ओर आगे बढ़ा रही है, इसलिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को सकारात्मक के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (एम.एम.एल.टी.) योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
3.	बैचलर आफ नर्सिंग (बी.एस.सी. नर्सिंग)	4 वर्ष
4.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
5.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
6.	बैचलर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (बी.एम.एल.टी.)	3 वर्ष
7.	बी.एस.सी. इन एक्स–रे	3 वर्ष
8.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन (डी.एम.एल.टी.)	2 वर्ष
9.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
10.	ओ.टी. टेक्निशियन (ऑपरेशन थ्रीएटर)	1 वर्ष
11.	एम.बी.ए.	2 वर्ष

क्रमांक 3 एवं 5 से लेकर क्रमांक 10 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्र. 11 के लिए स्नातक किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-45828/2021

PEOPLE'S UNIVERSITY

(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC

Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2021-22

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

R-45829/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
ईमेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680

No./IPRO/E.E./2021/Gwalior/1080 Date: 12/08/2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

निविदा सूचना क्रमांक/1027/10.08.2021 रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. ग्वालियर के अंतर्गत भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा Supplying and Fixing Vertical Lift Conveyor (plate form lift) at KVK Morena (2021_RVSKV_154640_1), Supplying and Fixing Vertical Lift Conveyor (plate form lift) at KVK Datia (2021_RVSKV_154639_10) एवं Const. of Main Gate Boundary wall Rcc Road and Chain link jail with Rcc Pole at KVK Manawar (2021_RVSKV_154641_1 आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि 31.08.2021 तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल https:www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं। कार्यपालन यंत्री, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

R-45826/2021

M.P. POLICE HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED SAGAR

DIVISION, BHOPAL (M.P.) - 462002
Ph : 9425601593

क्रमांक/950/मप्रपुहाका/पय/सागर/2021 दिनांक : 09.08.2021

निविदा सूचना क्रमांक 04/2021-22

Sealed Tenders are invited from interested and eligible bidders for running of Canteen, in the premises of MPPH & IDCL Bhadbhada Road Bhopal on rent basis.

Interested parties can download the tender document from our website from 10.08.2021 onwards. Last date for receipt of Bids along with Bid Processing Fee and EMD as specified in the bid document is **20.08.2021 by 05.00 PM.** For further details and documents visit our website **www.policehousing.mp.gov.in**

M.P. Madhyam/101574/45818/2021 PROJECT ENGINEER

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 951 (PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No. 11394/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 11.08.2021

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below;

- **Name of Work :-** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 05.11.2019 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Agar	1	29838000.00
2.	Alirajpur	5	218434000.00
3.	Ashoknagar	1	90832000.00
4.	Balaghat	3	273638000.00
5.	Barwani	3	589897000.00
6.	Betul	1	199878000.00
7.	Bhind	2	174065000.00
8.	Burhanpur	3	98783000.00
9.	Chhindwara	6	390058000.00
10.	Datia	2	200265000.00
11.	Dewas	3	124126000.00
12.	Dhar	6	313140000.00
13.	Harda	7	448474000.00
14.	Jabalpur	2	57842000.00
15.	Jhabua	1	92973000.00
16.	Mandla	1	119545000.00
17.	Mandsaur	1	116217000.00
18.	Narsinghpur	7	280212000.00
19.	Panna	2	92661000.00
20.	Raisen	4	187331000.00
21.	Rewa	1	57143000.00
22.	Sagar	6	748527000.00
23.	Satna	1	89931000.00
24.	Shahdol	5	177548000.00
25.	Shajapur	1	75079000.00
26.	Sheopur	1	59543000.00
27.	Sidhi	2	75238000.00
28.	Singrauli	2	139022000.00
29.	Umaria	1	78869000.00
30.	Vidisha	2	108408000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **18.08.2021 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **06.09.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
MPM/101596/45821/21 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

SQC CONSULTANCY OF BRIDGES

(E-Procurement Notice)

No. 11309/22/D-12/Brg.DPR/2020-21 Bhopal, Dated : 09.08.2021

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of rural roads/Bridge under PMGSY-III as per details given below :

- **No. of Packages - 01**
- **Nodal PIU - Jabalpur-1**
- **No. of Bridges - 21**

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) - Rs. 560250000.00

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from **17:30 hrs on 10.08.2021.**
2. Last date of Submission of bid is **date 24.08.2021 upto 17.30 hrs.**

Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY January-2020 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/101579/45819/2021 **(T & e-G)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी,
विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002 ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस-विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 11/2021-22 शासकीय इंदिरा गांधी होम साईंस कॉलेज में निर्माण एवं उन्नयन का कार्य, जिला- शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_154554) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.08.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101603/45824/2021 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 950 (PMGSY-III-Bridge) (PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No. 11324/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 10.08.2021

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below;

- **Name of Work :-** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable :-** SOR issued by Engineer-in-Chief MPPWD Bhopal for Road and Bridge work effective from 29.08.2017 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Agar Malwa	2	22292000.00
2.	Ashok Nagar	1	41997000.00
3.	Chhindwara	3	54563000.00
4.	Dewas	2	21846000.00
5.	Jabalpur	1	13336000.00
6.	Mandsaur	1	9112000.00
7.	Neemuch	6	69198000.00
8.	Sagar	2	41207000.00
9.	Shajapur	4	19171000.00
10.	Ujjain	1	9842000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission** : The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **16.08.2021 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **01.09.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/101580/45820/2021 **(T & e-G)**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण पेयजल व्यवस्था तत्परता से करें बहाल

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य-मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल परीक्षण कर पेयजल व्यवस्था शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल का सतत् परीक्षण किया जाये और यदि पानी निर्धारित मानकों के अनुरूप न हो तो शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री यादव ने ग्वालियर-चम्बल संभाग के जिलों में अति-वर्षा के कारण प्रभावित पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागीय अमले ने जिस तत्परता और लगन से बाढ़ प्रभावित ग्रामों के हैण्डपंपों का सर्वेक्षण एवं जल-परीक्षण किया है, उसी तरह पेयजल व्यवस्था भी बहाल करें। अपर मुख्य सचिव पीएचई श्री मलय श्रीवास्तव ने कहा कि अति वर्षा से प्रभावित गांवों में स्थापित हैण्डपंपों के जल को सोडियम हाइपोक्लोराइड से क्लोरीनेटेड किया जाये। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप इसकी व्यवस्था की गई है, कहीं पर भी दूषित जल का उपयोग नहीं होने पाये यह भी सुनिश्चित करें। प्रबंध संचालक जल निगम मर्यादित श्री तेजस्वी एस. नायक ने दतिया में क्षतिग्रस्त हुई जलप्रदाय योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी पुनर्स्थापना के प्रयासों से अवगत कराया।

Malwa Institute of Technology

ESTABLISHED 2004
Building Generations of Nation Builders

APPOINTMENTS

Application are invited for the competent academicians as professor, Associate Professors and Assistant Professors for MBA in any discipline.

Interviews for academicians will be held under college code 28 of DAVV, Indore. Interested candidates are requested to E-mail their C.V. / Biodata within 7 days to jobs@mitindore.co.in, Qualification, experience and pay scales as per UGC/AICTE norms

Indore-Dewas Bypass Road, Indore (M.P.)-452 016 Fax - 0731-2810005
0731-2810001- 8, 9109111991- 5 mit@mitindore.co.in

R-45830/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 06/निविदा/2021-22 राजगढ़, दिनांक : 10.08.2021

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम - 1. बी.टी. रिन्यूवल कार्य मण्डावर भैसाना मार्ग, सोनकच्छ पलासी बंजारी मार्ग, बोड़ा उमरी सेन्दरी मार्ग कुल लम्बाई 22.20 कि.मी.।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
2021_PWDRB_154426_1	राजगढ़	बी.टी. रिन्यूवल	चतुर्थ	194.99	194990/-	4 माह वर्षाकाल रहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 2. बी.टी./ डब्ल्यू.एम.एम. पैंच रिपेयर कार्य खासपुरा कडलावद मार्ग।						
2021_PWDRB_154429_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	17.85	35700/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 3. बी.टी./ डब्ल्यू.एम.एम. पैंच रिपेयर कार्य खुजनेर गुलावता मार्ग।						
2021_PWDRB_154437_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	17.85	35700/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 4. बी.टी. पैंच रिपेयर कार्य उपसंभाग खिलचीपुर।						
2021_PWDRB_154438_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	19.99	39980/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 5. पुलिया मरम्मत एवं रखरखाव कार्य उपसंभाग राजगढ़।						
2021_PWDRB_154440_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	19.90	39800/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 6. बी.टी. पैंच रिपेयर कार्य सेक्शन 01 उपसंभाग राजगढ़।						
2021_PWDRB_154441_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	20.00	40000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 7. बी.टी. पैंच रिपेयर कार्य सेक्शन 02 उपसंभाग राजगढ़।						
2021_PWDRB_154442_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	20.00	40000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 8. बी.टी. पैंच रिपेयर कार्य सेक्शन सुठालिया एवं ब्यावरा उपसंभाग राजगढ़।						
2021_PWDRB_154444_1	राजगढ़	पैंच रिपेयर	प्रथम	20.00	40000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
क्र. एवं कार्य का नाम - 9. रिनोवेशन कार्य आबकारी वाइन वियर हाउसिंग सब इस्पेक्टर कार्यालय एवं आबाकरी उप स्पेक्टर कार्यालय ब्यावरा जिला राजगढ़।						
2021_PWDRB_154445_1	राजगढ़	रिनोवेशन	प्रथम	7.57	15140/-	4 माह वर्षाकाल सहित
			योग -	338.15		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 27.08.2021 एवं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-15662/45815/2021 लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग, राजगढ़

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./2021-22 हरदा, दिनांक : 10.08.2021

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mpetenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_154602	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	हरदा कायागांव नहालखेड़ा मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 54.41 लाख
2.	2021_PWDRB_154603	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	चारूवा डेडगांव दामोदपुरा मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 61.91 लाख
3.	2021_PWDRB_154604	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	खुदिया मोरगढ़ी मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 80.13 लाख
4.	2021_PWDRB_154606	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	रोलगांव मगरधा मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 83.35 लाख
5.	2021_PWDRB_154607	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	हरदा मगरधा मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 221.80 लाख
6.	2021_PWDRB_154608	हरदा	बी.टी. रिनीवल कार्य	बारंगा चौकड़ी व्हाया बम्हनगांव मार्ग पर बी.टी. रिनीवल कार्य।	प्रथम आमंत्रण	रु. 15.20 लाख

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 27.08.2021 एवं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-15659/45814/2021 लो.नि.वि. संभाग, हरदा (म.प्र.)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. : ecphvid@mp.nic.in, Fax No. : 07592-250663
Telephone No. : 07592-250663, Vidisha 464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायांवि/2021-22/ विदिशा, दिनांक : 11.08.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" के अंतर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाईप लाईन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.08.2021** को सायं 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है :-

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है :-

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	अनुमानित लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2021_PHED_154842_1	लटेरी	03	19911000/-	199110/-	12500/-	09 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार
2.	2021_PHED_154860_1	लटेरी	03	13620000/-	136200/-	12500/-	09 माह वर्षाऋतु सहित	
3.	2021_PHED_154863_1	विदिशा	02	6463000/-	64630/-	10000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	
4.	2021_PHED_154890_1	सिरोंज	02	7400000/-	74000/-	10000/-	09 माह वर्षाऋतु सहित	

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री
जी-15669/45816/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड विदिशा (म.प्र.)

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE- 452007 (M.P.)
Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363 Fax No. : 0731-2972629, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
Website : www.invest.mp.gov.in, GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850
No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2021/10156 Date : 11.08.2021

NOTICE INVITING TENDER (SECOND CALL)

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system – **http://www.mptenders.gov.in & www.mpakvnindore.com** as mention below -

S. No.	Name of Work	PAC (Rs. in Lacs)	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Modification/Repair and maintenance of existing lift of building No.1 at I/A Namkeen cluster Sanwer road Indore for a period of three years.	Rs. 2.13 Lacs	Rs. 2360/- i/c GST	Rs. 4260/-	20.08.2021

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
M.P. Madhyam/101597/45822/2021 EXECUTIVE ENGINEER

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा
लव-कुश नगर, मूंदी रोड, खण्डवा (म.प्र.) 450001, दूरभाष : 0733-2245000, 2245001
E-mail : deangmckhandwa@gmail.com, Website : www.gmckhandwa.org

क्रमांक 5591/स्थापना तृ.च./2021 खण्डवा, दिनांक : 05.09.2021

सूचना

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ-2-06/2018/1-55 भोपाल, दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा में सह-चिकित्सकीय आदर्श सेवा नियम-2018 एवं संचालनालय चिकित्सा शिक्षा म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 382-87/स्था./अराज/2021 भोपाल, दिनांक 09.04.2021 द्वारा प्राप्त सह-चिकित्सकीय संवर्ग की संशोधित अनुसूचियों के आधार पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खण्डवा एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय, खण्डवा में सह-चिकित्सकीय संवर्ग (पैरामेडिकल स्टॉफ) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों के आवदेन पत्र एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा ली जाकर प्रावीण्य सूची के आधार पर की जाना है इस हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

सह-चिकित्सकीय संवर्ग (पैरामेडिकल स्टॉफ) के पदों पर आवेदन का प्रारूप एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा तथा आवेदन की **अंतिम तिथि दिनांक 03.09.2021 रात्रि 12.00 बजे तक** रहेगी।

सं.क्र.	रिक्त पदों का विवरण	रिक्त पदों की संख्या
1.	लैब अर्टेडेंट	28
2.	ड्रेसर ग्रेड-2	07
3.	डिसेक्शन हॉल अर्टेडेंट	04

अत शेष जानकारी हेतु एम.पी. ऑनलाइन एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा की वेबसाइट **www.gmckhandwa.org** पर अवलोकन करें।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-15626/45813/2021 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खण्डवा (म.प्र.)

कार्यालय संचालक, राज्य स्तरीय रोज़गार प्रशिक्षण केंद्र
(पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण)
पुलिस वायरलेस के सामने, भदभदा रोड, भोपाल 462003

वर्ष 2021-22 में प्रशिक्षण केंद्र में संचालित किये जाने वाले MPPSC/Banking/SSC/Railway एवं अन्य समक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अध्यापन कार्य हेतु श्रेष्ठ एवं अनुभवी अतिथि व्याख्याताओं से बायोडेटा आमंत्रित किये जाते हैं। जिसमें शैक्षणिक योग्यता एवं अध्यापन अनुभव संबंधी अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है। प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्यापन का अनुभव रखने वाले अतिथि व्याख्याताओं को चयन में वरीयता दी जाएगी। चयनित अतिथि व्याख्याता पूर्णतः अस्थाई रहेंगे एवं उन्हें प्रशिक्षण अवधि में शासन द्वारा निर्धारित दरों पर अध्यापन कालखण्डों की संख्या के आधार पर प्रतिमाह भुगतान किया जावेगा। प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के पश्चात् चयनित अतिथि व्याख्याताओं की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएगी। कृपया इच्छुक अतिथि व्याख्याता अपने बायोडेटा **दिनांक 31 अगस्त, 2021** समय सायंकाल 05.00 बजे तक अधोलिखित कार्यालयीन पते पर भेजना सुनिश्चित करें।

संचालक
राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केंद्र
(पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण)
जी-15650/45812/2021 भदभदा रोड, भोपाल, दूरभाष नं. 0755-2763284

कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी संस्था, भोपाल (म.प्र.)

Phone : 0755-2540590, 4050000-07, Email : deangmc_bpl@yahoo.co.in
Website : www.gmcbhopal.net

क्रमांक 24011-102/एम.सी./अराज-5/2021 भोपाल, दिनांक : 06.08.2021

विज्ञप्ति

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक 14081-84/एमसी/अराज/5/2021, दिनांक 19.05.2021 के तहत एम.पी. ऑनलाइन से प्राप्त मेरिट सूची के आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों को कार्यालयीन सूचना क्रमांक 3687/एम.सी./अराज/5/2021, दिनांक 28.07.2021 से निर्धारित दिनांक पर स्टाफ नर्स के पद पर स्क्रुटनी एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया था। संवर्गवार अनुपस्थित अभ्यर्थियों एवं वे अभ्यर्थी जिनके दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पायी है, वे भी दिनांक 16.08.2021 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सभागृह गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन एवं स्क्रुटनी हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है, निश्चित दिनांक एवं समय पर उपस्थित न होने पर आपका किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं आपके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से उम्मीदवार को नियुक्ति दे दी जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जी-15442/45809/2021 गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वाशासी समिति, भोपाल

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, साउथ सिविल लाइन जबलपुर

NIT No. 17/2021/Centralized Tender/G/APD/JBP/ Date : 05.08.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

संख्या क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. संभागीय परियोजना यंत्री (वि./या.) कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु स्कार्पियो या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2021_PWPIU_154189_1	जबलपुर	7.00	14000/-	2000/-	24 माह

संख्या क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. नवीन जिला न्यायालय जबलपुर में द्वितीय तल पर मंदिर के तरफ ब्रिज का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

2021_PWPIU_154192_1	जबलपुर	10.10	20200/-	2000/-	03 माह

संख्या क्रमांक एवं कार्य का नाम :- जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में एकेडमिक ब्लॉक (क्लास रूम/लेब) का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

2021_PWPIU_154199_1	जबलपुर	466.49	466490/-	15000/-	12 माह

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 06.08.2021 समय 9:00 से दिनांक 21.08.2021 समय 18:00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-15486/45810/2021 लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला सतना में शासकीय पी.जी. महाविद्यालय भवन सतना, जिला सतना के उन्नयन एवं विस्तारीकरण निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 11/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_154743_1,) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.08.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/101600/45823/2021 परियोजना यंत्री

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण ई-टेन्डरिंग

निविदा सूचना क्रमांक 03/ई-टेन्डरिंग/2021-22 सिंगरौली, दिनांक : 12.08.2021

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों से पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

सरल क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. कर्थुआ चितरंगी मार्ग 14600 मी. से 25800 मी. में बी.टी. रेनुवल का कार्य।

जिला	ऑनलाइन टेंडर क्रमांक	निविदा आमंत्रण का काल	पी.ए.सी. (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का दिनांक (वर्षा काल सहित)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
सिंगरौली	2021_PWDRB_154992_1	तृतीय आमंत्रण	80.48	80480/-	10000	03 माह	भौतिक रूप से एनवलप इस कार्या. में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाइन ही मान्य होंगे।

सरल क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. गड़ाखाड़ से सुहिरा मार्ग के चेनेज 3000 से 8000 कुल लम्बाई 5.00 कि.मी. में बी.टी. रेनुवल का कार्य।

सिंगरौली	2021_PWDRB_154999_1	तृतीय आमंत्रण	29.10	50000/-	5000/-	03 माह	भौतिक रूप से एनवलप इस कार्या. में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाइन ही मान्य होंगे।
		योग :	109.58				

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर
शुद्धिपत्र क्रमांक 05.05.2020, दिनांक 09.08.2021

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020
उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.) के पदों हेतु आयु सीमा तथा शारीरिक मापदंड की संसूचना
शुल्क वापसी आवेदन अवधि 17.08.2021 से 31.08.2021 तक

01 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 का विज्ञापन क्रमांक 05/2020, दिनांक 29.12.2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में निम्नानुसार संशोधन संसूचित किए जा रहे हैं :-

02 उक्त विज्ञापन में विज्ञापित उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.) की आयु सीमा तथा शारीरिक मापदंड निम्नानुसार है:-

(क) आयु सीमा : अभ्यर्थी द्वारा 21 वर्ष की न्यूनतम आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 33 वर्ष की अधिकतम आयु पूर्ण न की हो।

आयु संगणना तिथि : 01.01.2021

(ख) आयु सीमा में देय छूट :

वर्ग विशेष को देय छूट

(1) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 3-14/2019/एक/3, दिनांक 19 दिसम्बर 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी।

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :

भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।

प्रोत्साहन स्वरूप देय छूट :

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1, दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीप :

(1) प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार पर (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के, संदर्भ में है, अतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे।
(सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट :

(1) उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(2) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 38 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

(ग) शारीरिक तथा चिकित्सकीय मापदंड

गृह विभाग के उक्त वर्दीधारी पदों हेतु निम्नानुसार शारीरिक अर्हता निर्धारित है -

लिंग	ऊंचाई से.मी. में	सीने का घेरा	
		बगैर फुलाए से.मी. में	पूर्णतः फुलाने पर से.मी. में
1	2	3	4
पुरुष	168	84	89
महिला	155	सीने का माप अपेक्षित नहीं	सीने का माप अपेक्षित नहीं

- बिना फुलाए तथा फुलाए हुए सीने के बीच कम से कम 5 से.मी. का अंतर होना चाहिए। इस मामले में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी।
- अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से दिव्यांग नहीं होना चाहिए।
- अभ्यर्थी चिकित्सकीय दृष्टि से योग्य (मेडिकली फिट) होना चाहिए और दृष्टि जांच (विजन टेस्ट) में अल्प दृष्टि नहीं होना चाहिए उसकी समस्त रगों के प्रति स्पष्ट दृष्टि होना चाहिए। उसे शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम नहीं होना चाहिए।
- यदि अभ्यर्थी उक्त अर्हताओं को पूर्ण नहीं करते हैं तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

03 जो अभ्यर्थी उक्त आयु सीमा/शारीरिक तथा चिकित्सकीय मापदंडों को पूरा नहीं करते वे उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.) के पदों हेतु चयन/नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

04 वायलर निरीक्षक के पदों के विलोपन के बाद मेकेनिकल इंजीनियरिंग तथा आटोमोबाइल इंजीनियरिंग विषयों हेतु केवल उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.) के पद शेष हैं। अतः उक्त दोनों विषयों के अभ्यर्थी जो निर्धारित आयु सीमा/शारीरिक तथा चिकित्सकीय मापदंडों को पूर्ण नहीं करते उनके लिए शुल्क वापसी की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। वे **www.mponline.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गयी लिंक से दिनांक 17.08.2021 से 31.08.2021 तक शुल्क वापसी हेतु आवेदन कर सकते हैं।

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सचिव
जी-15600/45811/2021

1. ऑनलाइन पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/nicgep/app** के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं डाउनलोड का समय एवं दिनांक 17.08.2021 सुबह 10:30 से 23.08.2021 शाम 17:30 तक एवं निविदा डालने का समय दिनांक 17.08.2021 को सुबह 10:30 से 23.08.2021 को 17:30 शाम तक है।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल ऑनलइन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियां उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग,
जी-15676/45817/2021 संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

अफवाहों पर न दें ध्यान, कोरोना से बचने का टीका ही समाधान

छात्र हित संरक्षण में प्रभावी भूमिका निभाये आयोग - राज्यपाल

भोपाल, निजी विश्वविद्यालयों में छात्र हित संरक्षण में विनियामक आयोग प्रभावी भूमिका निभाये। समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी हो। निराकरण समय-सीमा में किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निजी विश्वविद्यालयों में प्रभावी क्रियान्वयन हो इस कार्य में समन्वयक और मार्गदर्शक की भूमिका में आयोग सक्रिय सहयोग करे। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन में निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की समीक्षा करते हुए कहीं।

श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि आयोग निजी विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक कैलेंडर की निगरानी करे। यह सुनिश्चित किया जाये कि परीक्षाएं समय पर हों। मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण हो जाये। परीक्षाओं के परिणाम भी निर्धारित समय पर घोषित किए जायें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या और उसकी तुलना में प्लेसमेंट की स्थिति की जानकारी भी वर्षवार संधारित की जाए। सभी विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल का गठन होना चाहिए। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों, कार्यरत शिक्षकों की समस्या समाधान की ऑनलाइन व्यवस्था किए जाने की भी जरूरत बताई।

राज्यपाल ने सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने के प्रयासों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों और वर्गों में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात कम है उसे बढ़ाने के संबंध में नियोजित प्रयास किए जायें। प्रदेश में पुरुष महिला सकल नामांकन अनुपात बराबर होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करने के लिए निर्देशित किया।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान पाठ्यक्रमों में सुधार, अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान दिया जाए। उद्योगों और निजी परोपकारी संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति फण्ड स्थापित कराने, ऑनलाइन माध्यम से पाठ्यक्रम संचालन द्वारा वंचित और निःशक्त छात्रों के लिए शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों पर बल दिया जाना चाहिए। फैकल्टी अप-स्किल्स एंड मोटिवेशन के कार्यों को भी विस्तारित कराने पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार वर्तमान पाठ्यक्रमों के साथ अंतःविषय, पाठ्यक्रमों को जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जायें। निजी विश्वविद्यालयों को इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और उच्च ग्रेडिंग हासिल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

प्रदेश में पन्द्रह नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन शासकीय अवकाश रहेगा और पूरे प्रदेश में जनजातीय संस्कृति, परम्परा और जीवन मूल्यों, रोज़गार और अर्थव्यवस्था के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा जनजातीय मंत्रालय की स्थापना की गई थी। राज्य सरकार जनजातीय कल्याण की दिशा में निरंतर सक्रिय है। प्रदेश में जनजातीय नायकों रानी दुर्गावती, टंट्या भील, भीमा नायक, शंकर शाह, रघुनाथ शाह की समाधि स्थलों पर स्मारकों का निर्माण कराया गया। गांव-गांव में आश्रमशालाएं, छात्रावास आरंभ किए गए। निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में अध्ययनरत जनजातीय विद्यार्थियों की फीस की पूर्ति राज्य सरकार द्वारा करने की व्यवस्था की गई। जनजातीय विद्यार्थियों के विदेशों में अध्ययन के लिए भी व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदना आरंभ किया गया है। साथ ही लाखों लोगों को वनाधिकार पट्टे भी प्रदान किए गए हैं।

जन-सुविधाओं को पुनः प्रारंभ करने के लिए कार्यों की बढ़ाएं गति

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में बाढ़ के संदर्भ में गठित टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में अति वर्षा और बाढ़ ने जिस तरह जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, अब पुनः व्यवस्थाओं को बनाने का काम एक चुनौती है। यह कार्य जिलों के प्रशासन, राज्य शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स और नागरिकों के सहयोग से पूरा करना है। प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से अधोसंरचना एवं निजी चल-अचल संपत्तियों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। पहली प्राथमिकता बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों, मलबे केढेर को साफ करने, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, रोग न फैलने देने, विद्युत व्यवस्था ठीक करने और प्रभावित लोगों को अनाज एवं भोजन उपलब्ध कराने की है। इसके लिए सभी संबंधित मंत्री, अधिकारी और सामाजिक संगठन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कुछ जिलों में आई बाढ़ के संदर्भ में गठित टास्क फोर्स की प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने राहत कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने टास्क फोर्स की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित नागरिकों की सहायता में कोई कसर छोड़ी नहीं जाए। नियमित रूप से दिये जाने वाले खाद्यान्न के अलावा बाढ़ प्रभावितों को 50 किलो अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये। अनाज के स्थान पर आटा प्रदाय कर प्रभावित परिवारों को राहत दें सकते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्वालियर और चंबल संभाग में संचालित राहत कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राहत एवं पुनर्वास कार्यों के प्रभावी प्रबंधन के लिए, क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और आम नागरिकों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति का आकलन तथा पुनर्वास की सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय टास्क फोर्स गठित किया है। टास्क फोर्स में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह सिसौदिया, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पशुपालन मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव शामिल हैं।

बैठक में प्रस्तुतीकरण, मंत्रियों और अधिकारियों ने दी जानकारी

टास्क फोर्स की प्रथम बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव राजस्व एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव कार्यालय श्री मनीष रस्तोगी ने प्रदेश में वर्षा और बाढ़ की स्थिति, संचालित राहत कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न मंत्रीगण ने भी बाढ़ग्रस्त जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों को दी जा रही सहायता के बारे में बताया। वर्तमान में प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सेना के तीन हेलीकॉप्टर, एनडीआरएफ के 8 दल और सेना के 5 दल कार्य कर रहे हैं। शनिवार को गुना और अशोकनगर से 198 व्यक्तियों को रेस्क्यू कर बाढ़ की स्थिति से निकाला गया। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने केपश्चात करीब 15 हजार नागरिक शिविरों में सुरक्षित किये गये। अब तक करीब 25 हजार मकानों के नुकसान की जानकारी मिली है।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि इंदौर से 22 मशीनें श्योपुरकला भेजी गई हैं। मृत मवेशियों को दफनाने के कार्य में भी अमला लगा है। ट्रैक्टर-ट्राली की व्यवस्था कर पेयजल और सफाई व्यवस्था की जा रही है।

विश्वविद्यालयों के परिक्षेत्र पुनर्निर्धारण में रखें विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान

भोपाल, विद्यार्थियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शासकीय विश्वविद्यालयों के परिक्षेत्र का पुनर्निर्धारण किया जाए। विश्वविद्यालयों में जैविक कृषि, कृषि, हॉर्टिकल्चर एवं अन्य पाठ्यक्रमों को एक विषय के रूप में पढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। आगामी समन्वय समिति की बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाए। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

विश्वविद्यालयों में नये पाठ्यक्रम शुरू करने पर चर्चा

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय मुख्यालय की जिले से दूरी, विद्यार्थियों की सुविधा और विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिक्षेत्र का पुनर्निर्धारण करें। इस संबंध में संशोधन के लिए प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही विश्वविद्यालय के वर्क लोड की भी समीक्षा की जाए। बैठक में परंपरागत विश्वविद्यालय में कृषि, जैविक कृषि, हॉर्टिकल्चर एवं अन्य पाठ्यक्रमों को एक विषय के रूप में प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। विक्रम विश्वविद्यालय में कृषि संकाय प्रारंभ करने संबंधी अध्यादेश स्थाई समिति द्वारा अनुशंसित किया जा चुका है। डॉ. यादव ने इन विषयों के पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए।

डॉ. यादव ने कहा कि सेवानिवृत्ति संबंधी प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर हल किए जाएं। इसमें आदर्श स्थिति होनी चाहिए। सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों, प्राध्यापकों के सभी देयक प्रदान किए जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के पेंशन फण्ड में राशि जमा न करने वाले विश्वविद्यालयों से सख्ती बरतते हुए समय पर राशि जमा करायें।

इस वित्त वर्ष में समस्त विश्वविद्यालयों से स्ववित्तीय आय की 20 प्रतिशत राशि ली जानी है। विभाग विश्वविद्यालयीन पेंशन पर प्रतिमाह साढ़े 4 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वयं के स्रोत से आय, यूजीसी अनुदान और राज्य मद से दी जाने वाली राशि के आधार पर वित्तीय स्थिति का आकलन करें। प्रयास किए जाएं कि विश्वविद्यालय एक सीमा के बाद सहयोग के लिए राज्य पर निर्भर न रहकर स्वयं सक्षम बनें। विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बाढ़ प्रभावित जिलों में तेजी से होगा सड़कों का संधारण कार्य

सत्रह जिलों में 207 करोड़ रुपये से कराए जाएंगे संधारण कार्य

भोपाल, अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण प्रदेश के जिन 17 जिलों में सड़क और पुलों को क्षति पहुंची है, उनमें संधारण का कार्य तेजी से पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रभावित जिलों में कुल 207 करोड़ रुपये के व्यय से संधारण कार्य कराए जाएंगे। यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने बाढ़ के कारण हुए नुकसान के आकलन की समीक्षा बैठक में कही।

बाढ़ के कारण सड़क, पुल और पुलियों को हुआ नुकसान

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण नदियों के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई, इसके परिणामस्वरूप ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में सड़क, पुल और पुलियों को काफी नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से संधारण कार्य शुरू किया गया है। श्योपुर से मुरैना सड़क मार्ग 24 घंटे में चालू कर दिया गया था। साथ ही श्योपुर से राजस्थान के पाली मार्ग को भी यातायात के लिए खोल दिया गया है। अभी इस मार्ग पर छोटे वाहनों की आवाजाही प्रारंभ की गई है। उन्होंने निर्देश दिए की जहां भी संधारण कार्य कराया जा रहा है वहां डायवर्सन तैयार किए जाएं। क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया पर आवागमन न हो इसके लिये पर्याप्त बेरिकेटिंग, चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, साथ ही आवागमन योग्य सड़कों, गड्ढों इत्यादि को भरने के लिए तत्काल कार्यवाही की जाए। क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, जिनके कारण बाढ़ प्रभावित गांव/नगर का संपर्क टूट गया है, ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिकता से आवागमन के लिये तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बाढ़ से हुई क्षति का किया गया आकलन

प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मण्डलोई ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित सभी 17 जिलों में सड़क, पुल-पुलियों में हुई क्षति का आकलन करा लिया गया है। आकलन के अनुसार मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के 67 करोड़ 66 लाख रुपये, ब्रिज के 75 करोड़ 5 लाख रुपये, लोक निर्माण विभाग 56 करोड़ रुपये तथा नेशनल हाइवे की सड़कों के संधारण पर 8 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि का व्यय किया जाना प्रस्तावित है

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

वैक्सीन दवा नहीं जिन्दगी है, कोविड से सबको ही बंदगी है

योजनाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन और उनमें सुधार जरूरी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नीति आयोग और अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के बीच संस्थागत सहभागिता के लिये आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, सरकारों द्वारा विकास और जन-कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की प्रभावशीलता का निरंतर मूल्यांकन और उनमें सुधार आवश्यक है, अन्यथा सरकारें वास्तविकता से अनजान बनी रहेंगी। विकास का प्रकाश जब तक गरीब तक नहीं पहुंचता तब तक विकास बेमानी है। मध्यप्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास के लिये संकल्पित है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नीति आयोग तथा अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के बीच संस्थागत सहभागिता के लिए मिंटो हॉल में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

देश की ताकत राज्यों में निहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत का नारा देते हुए गौरवशाली, वैभवशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का स्वप्न देखा। उनका विश्वास था कि देश की ताकत राज्यों में निहित है। इसके आधार पर सहयोगी संघवाद के विचार को क्रियान्वित करने के लिए नीति आयोग की अवधारणा अस्तित्व में आई। यह एक ऐसा मंच है जहां विषय-विशेषज्ञ विभिन्न विषयों, समस्याओं पर विचार करते हैं और उसके प्रभावी और व्यवहारिक समाधानों के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होता है।

नीति आयोग के सहयोग से सुशासन संस्थान प्रभावी कार्य करेगा

श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, बालिकाओं को साइकिल प्रदाय के लिए संचालित योजना और सिटीजन चार्टर के समय-सीमा में पालन का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता के व्यवहारिक मूल्यांकन से योजनाओं को निरंतर बेहतर, जनोन्मुखी और विकासोन्मुखी बनाये रखने में मदद मिलती है। इन गतिविधियों में नीति आयोग के सहयोग और मार्गदर्शन से सुशासन संस्थान अधिक प्रभावी तरीके से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, यह दिन प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

जन-भागीदारी प्रभावी मॉडल है

मुख्यमंत्री ने जन-भागीदारी मॉडल से कोरोना नियंत्रण तथा टीकाकरण अभियान के संचालन और स्व-सहायता समूहों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार जनता को साथ लेकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। कृषि में उत्पादन पर्याप्त है। अब हमें फूड प्रोसेसिंग की तरफ बढ़ना है। कोरोना के परिणामस्वरूप योग और आयुर्वेद में बढ़ती जन-सामान्य की रुचि से प्रदेश में जड़ी-बूटियों की खेती और व्यापार के नये अवसर निर्मित हुए हैं। इस दिशा में भी राज्य सरकार कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत के लिए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश हमारा संकल्प है। हस्ताक्षरित एमओयू हमें नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

विकास, पर्यावरण और सामाजिक समग्रता को साथ लेकर चलना

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि विकास, पर्यावरण और सामाजिक समग्रता को साथ लेकर चलना चुनौतीपूर्ण है। शासन द्वारा जन-सामान्य को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जनता तक सहज और सरल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं की आउटकम और आउटपुट आधारित व्यवस्था स्थापित करना आवश्यक है। प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा वृक्षारोपण के लिए की जा रही पहल की सराहना करते हुए डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि इससे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के विरुद्ध समाज को जागरूक करने में मदद मिलेगी। डॉ. कुमार ने रसायनमुक्त कृषि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई।

सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि सुशासन संस्थान की स्थापना वर्ष 2007 में की गई। संस्थान ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम बनाने सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। नीति आयोग के साथ होने वाली संस्थागत सहभागिता से जनोन्मुखी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।

शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में नवीन छात्रों को भी मिलेगा प्रवेश

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग के शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अब नवीन छात्रों को भी प्रवेश मिल सकेगा। मध्यप्रदेश में अनेक वर्षों के बाद शासकीय संस्थाओं में संचालित बी.एड., डी.एड., डी.एल.एड. जैसे शैक्षिक कोर्स में गैर शासकीय या नए विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008 से इन संस्थानों की सभी सीटें प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के विभिन्न कैडर के अध्यापकों के लिए आरक्षित थीं।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के अंतर्गत 43 शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, 7 अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, 2 प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, 1 शासकीय मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय और 1 पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है। इन संस्थानों में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इस वर्ष से विभागीय अभ्यर्थियों और गैर विभागीय अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध सीटों में बंटवारा किया गया है।

शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में डी.एल.एड. में विभागीय अभ्यर्थियों के लिए 180 और गैर विभागीय अभ्यर्थियों के लिए 3420 सीटों का आवंटन किया गया है।

इसी तरह शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल और जबलपुर में बी.एड. के लिए 182 और 183, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय देवास, खंडवा, छतरपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर एवं जबलपुर में बी.एड. के लिए 510-510, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय खंडवा, छतरपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर एवं जबलपुर में एम.एड. के लिए 120-120, शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल एवं जबलपुर में 50-50 सीटों का विभागीय अभ्यर्थियों और गैर विभागीय अभ्यर्थियों के बीच आवंटन किया गया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में डिप्लोमा इन प्री-स्कूल एजुकेशन की सभी 40 सीटों को गैर विभागीय महिला अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया है। श्री धनराजू ने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन किए जायेंगे।

देवारण्य योजना के लिए राज्य साधिकार समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के लिए आयुष आधारित आर्थिक उन्नयन योजना 'देवारण्य' के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं नीति निर्धारण के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य साधिकार समिति का गठन किया है।

राज्य साधिकार समिति द्वारा 'देवारण्य' के क्रियान्वयन के लिए रोडमैप का निर्धारण करना, अंतर्विभागीय समन्वय, केन्द्र प्रवर्तित तथा राज्य बजट की योजनाओं तथा अन्य कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का आयुष सेक्टर के विकास के समुचित उपयोग के लिए कार्य-योजना तैयार करेगी। इसके अलावा समिति देवारण्य योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सुनिश्चित करने के लिए नीति क्षेत्र जैसे उद्यमी, उद्योग संस्थान, सामाजिक संस्थान आदि की सहभागिता करना, योजना के समस्त विकल्पों एवं संभावनाओं का परीक्षण कर नीति निर्धारण करेगी। इसके साथ समय-समय पर देवारण्य योजना की समीक्षा की जायेगी।

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वन, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम, पर्यटन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, विभाग समिति के सदस्य होंगे।

इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री/अन्य औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि तथा देश के प्रतिष्ठित आयुष संस्थानों/वैचारिक संस्थानों के प्रतिनिधि समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

अंकुर अभियान में अब तक 2 लाख 37 हजार से अधिक लोगों ने की भागीदारी

भोपाल, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने बताया कि अंकुर अभियान में अब तक प्रदेश के 2 लाख 37 हजार से अधिक लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कर पौधरोपण किया जा रहा है। इनमें एक लाख 63 हजार से अधिक पुरुष और 74 हजार महिलाएं शामिल हैं। प्रदेश में अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक प्रथम फोटो वायुदूत एप पर अपलोड की जा चुकी हैं। इसमें से सर्वाधिक 32 हजार 693 फोटो शिवपुरी जिले से हैं। इसी तरह 14 हजार से अधिक फोटो बुरहानपुर जिले से 2,246 लोगों ने की है।

'अंकुर' अभियान का उद्देश्य हरित क्षेत्र में वृद्धि के साथ प्रदेश को स्वच्छ पर्यावरण और प्राणवायु से समृद्ध प्रदेश बनाना है। कार्यक्रम में फलदार-छायादार वृक्षों का पौधरोपण और देखभाल करने वाले जिलेवार चयनित विजेताओं को मुख्यमंत्री 'प्राणवायु' अवॉर्ड से सम्मानित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। विजेताओं को 'वृक्षवीर' और 'वृक्ष वीरांगना' के रूप में जाना जायेगा।

विजेताओं में 50 प्रतिशत पुरुष और 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी। इसी तरह आधे पुरस्कार ग्रामीण और आधे शहरी क्षेत्र के लिये होंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिये प्रतिभागियों को गूगल प्ले स्टोर से 'वायुदूत एप' डाउनलोड कर पंजीयन कराना होगा। अभियान के प्रथम चरण के प्रथम फोटो 30 सितंबर 2021 तक और दूसरी फोटो 31 अक्टूबर 2021 तक अपलोड की जा सकती है।

प्रतिभागियों को स्वयं के संसाधन से कम से कम एक पौध का रोपण कर पौधे की फोटो तथा एक माह बाद रोपित पौधे की नई फोटो पुनः एप पर डाउनलोड करनी होगी। प्रतिभागी सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन (एप्को) को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

पौध-रोपण घर के आंगन, शासकीय, अशासकीय भूमि, सामुदायिक स्थानों पर किये जा सकेंगे। पौध-रोपण के पहले प्रतिभागी को संबंधित भू-स्वामी से सहमति लेनी होगी। शासकीय और सामुदायिक स्थल पर किये गये पौध-रोपण से भविष्य में होने वाले लाभों के प्रथम हकदार समाज या राज्य शासन होंगे। यह शर्त निजी भूमि पर लागू नहीं होगी। पौध-रोपण से प्रतिभागी को उक्त भूमि के स्वामित्व का कोई अधिकार नहीं होगा। प्रतिभागी केवल प्रतियोगिता के संभावित पुरस्कार के ही हकदार होंगे।

देवास नगर निगम ने प्रथम डोज टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया

भोपाल, कोरोना के प्रति देवास की जनता के जज्बे एवं जागरूकता को मैं प्रणाम करता हूँ। देवास नगर निगम ने प्रदेश में सबसे पहले 18 वर्ष एवं अधिक उम्र के सभी लक्षित व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इसके लिए देवास की जनता, प्रशासन, सामाजिक संगठन, जन-प्रतिनिधि, धर्मगुरू सहित सभी बधाई के पात्र हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवास नगर निगम क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु के लक्षित सभी 2 लाख 21 हजार 328 व्यक्तियों ने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगवा लिया है। साथ ही 52 हजार 475 व्यक्तियों (25 प्रतिशत) ने दूसरा डोज भी लगवा लिया है। शेष रहे व्यक्ति जल्द ही शत-प्रतिशत दूसरा डोज भी लगवा लेंगे।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विधायक देवास श्रीमती गायत्री राजे पंवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके कुशल निर्देशन में यह कार्य संभव हो पाया है। निरंतर वैक्सीन की उपलब्धता रही तथा शासन-प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग मिलता रहा। सामाजिक संगठनों, जन-प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, मीडिया तथा आमजन का भी पूरा सहयोग मिला।

ऐसे प्राप्त किया देवास ने शत-प्रतिशत लक्ष्य

- नगरीय क्षेत्र देवास को कोविड वैक्सीनेशन के लिए 2.21 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा इसे प्राप्त करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय दलों का गठन किया गया। देवास नगर निगम क्षेत्र के समस्त 45 वार्डों में वार्ड स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को पूर्ण रूप से अपने क्षेत्रों में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। सम्पूर्ण 45 वार्डों में 18 से 45 आयु के तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का डोर टू डोर सर्वे कर टीकाकरण के प्रति लोगों की भ्रांतियों को दूर कर वैक्सीनेशन हेतु मोटिवेट किया गया।
- नगर में 40 स्थानों पर वैक्सीनेशन सेन्टर निर्मित किये गये, जहां स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य रूप से नगर निगम और महिला-बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को मोटिवेट किया गया।
- नगर में सभी प्रमुख समाजों द्वारा अपनी-अपनी धर्मशालाओं में समाजजनों को एकत्रित कर उन्हें समाज प्रमुखों एवं धर्मगुरुओं के द्वारा वैक्सीनेशन हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा उन स्थानों पर टीकाकरण केन्द्र स्थापित कर वैक्सीनेशन किया गया।
- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष कैम्प लगाकर वाहनों के माध्यम से घर से सेन्टर तक लाकर वैक्सीनेशन कराया।
- नशामुक्ति केन्द्र में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया।
- जिला जेल में सभी कैदियों का विशेष कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन कराया गया।
- ड्राइव इन सेन्टर बनाकर तुकोजीराव पवार स्टेडियम में वैक्सीनेशन कराया गया।
- वृद्धाश्रम में विशेष कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन कराया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना का टीका लगवाने का रखें ध्यान, समझो सुरक्षित कर ली अपनी जान

आम जनता के जुड़ाव से सफल होता है योजनाओं का क्रियान्वयन

भोपाल, किसी जनहित की योजना या कार्यक्रम में आम जनता का जुड़ाव आवश्यक है। इससे जन-कल्याण योजनाओं की सार्थकता बढ़ जाती है। क्रियान्वयन भी ज्यादा सफल होता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अन्य राज्यों से अन्न उत्सव में भोपाल पधारे अतिथि प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहीं। प्रतिनिधियों ने कहा कि उन्हें मध्यप्रदेश आकर बहुत खुशी हुई। खाद्य और कृषि क्षेत्र में अच्छे कार्य देखने को मिले। उपभोक्ता कल्याण के बारे में यहां बहुत कुछ जानने को मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-भागीदारी का मॉडल अद्भुत है। जनता के सहयोग से कार्य आसान होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा स्ट्रीट वेंडर्स कल्याण योजना हो या अन्य योजनाएं, यहां तक कि कोरोना के संकट में भी क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों और नागरिकों ने महामारी के नियंत्रण और बचाव में पूरा सहयोग दिया। दीनदयाल अंत्योदय समितियां भी इसी तरह सार्थक भूमिका निभाती हैं। यह समितियां योजनाओं की मॉनीटरिंग का कार्य भी करती हैं। राशन वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना और अन्य जनहित की योजनाओं का लाभ ठीक से जनता को मिले, पात्र हितग्राहियों की पहचान और उनके प्रपत्र भरवाना तथा लाभ दिलवाने में उनकी मदद करना, यह सब जन-सहयोग से सुनिश्चित होता है।

अन्न उत्सव में शामिल हुए अन्य राज्यों के मंत्री और अधिकारी भोपाल और मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और योजनाओं के क्रियान्वयन से प्रभावित हुए हैं। असम से खाद्य मंत्री श्री रंजीत कुमार दास, पूर्व विधायक श्री नारायण डेका और प्रमुख सचिव श्री विश्व रंजन सामल भोपाल में हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट के दौरान असम के खाद्य मंत्री श्री दास ने कहा कि मध्यप्रदेश में खाद्यान्न वितरण का कार्य कारगर तरीके से हो रहा है।

उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री श्री सुबोध उन्याल के साथ अपर सचिव श्री प्रताप सिंह शाह और आर्गेनिक कमोडिटी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विनय कुमार भी भोपाल आये हैं। इन्हें भी मध्यप्रदेश में उपभोक्ता कल्याण का कार्य पसंद आया।

त्रिपुरा से कृषि मंत्री श्री प्रंजीत सिंह राय और खाद्य सचिव श्री सरडिंडू चौधरी आये हैं। श्री राय ने कहा कि उन्हें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान का संबोधन बहुत अच्छा लगा। उन्होंने त्रिपुरा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान को बधाई दी और त्रिपुरा आने का निमंत्रण दिया।

राहत एवं पुनर्वास कार्य पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा से किया जाए - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में बाढ़ से बचाव कार्य में 8832 व्यक्तियों को बचाया गया तथा 32 हजार व्यक्तियों को सुरक्षित राहत कैम्पों में पहुंचाया गया है। इस पूरे कार्य के लिए एन.डी.आर.एफ. की टीम के साथ ही हमारी एस.डी.आर.एफ. की टीम विशेष बधाई की पात्र है, जिन्होंने जान हथेली पर रखकर लोगों की जान बचाई। बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं उनके पुनर्वास का कार्य पूरी तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा से किया जाए। हैंडपंप चालू कराए जाएं। संबंधित मंत्रियों के निर्देशन में टास्क फोर्स समिति के सभी 12 विभाग युद्ध स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्य करें।

ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में बाढ़ राहत के लिए गठित 12 विभागों की टास्क फोर्स समिति की बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहीं।

पानी की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें

मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। जल स्रोतों को क्लोरीन आदि के माध्यम से स्वच्छ किया जाए। हैंडपंप चालू कराए जाएं। श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पेयजल की शुद्धि, मलबे की सफाई और दवाओं के छिड़काव के कार्य जारी हैं।

6-6 हजार रुपये तत्कालिक राहत दें

श्री चौहान ने कहा है कि जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं, उन्हें 6-6 हजार रुपये की तात्कालिक राहत तुरंत दी जाए, जिससे वे कुछ मरम्मत कर सकें अथवा अन्यत्र रहने की व्यवस्था कर सकें। पूरा सर्वे होने के बाद मकान के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि भी दी जाएगी।

सड़कों की तेजी से मरम्मत हो

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पुल-पुलियों की तेजी से मरम्मत हो। साथ ही कनेक्टिविटी बहाल करें। जिन पुलों की मरम्मत तुरंत संभव न हो, उनके वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए। लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने बताया कि बाढ़ से 189 छोटे पुल-पुलियाएं, 7 बड़े पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। मार्गों की क्षति लगभग 207 करोड़ रुपये की है।

बीमारियां न फैलें, विशेष सावधानी रखें

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारियां न फैलें इस संबंध में विशेष सावधानी रखें। उपचार एवं दवाओं की व्यवस्था तथा छिड़काव करवाया जाए। लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित 386 गांवों 139 स्वास्थ्य केंद्र सेवाएं दे रहे हैं।

बांध एवं नहरों की मरम्मत

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त बांधों एवं नहरों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर कराएँ। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि बाढ़ से 8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रभावित हुई है।

अधिकांश स्थानों पर बिजली चालू

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बाढ़ प्रभावित अधिकांश स्थानों पर बिजली चालू हो गई है। जिन जगहों पर अभी भी जल का भराव है, वहां पानी उतरते ही बिजली चालू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिए कि जिनके मकान टूट गए हैं, उन्हें बनवाने के लिए मनरेगा के कनवर्जेन्स से 1 लाख 20 हजार रुपये दिए जाने संबंधी कार्रवाई करें। ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि बाढ़ से लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

मध्यप्रदेश में बनेगी उत्तम गुणवत्तायुक्त औषधियां

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री राम किशोर कांवरे ने आयुष विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भरपूर मात्रा में उत्तम गुणवत्ता के औषधीय पौधे उपलब्ध हैं। औषधीय निर्माण शालाओं को इनका उपयोग करके उत्तम गुणवत्तायुक्त औषधियों का निर्माण कर देश और विदेश में निर्यात किया जाना चाहिये। श्री कांवरे ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण काल में आयुष चिकित्सा ने अपनी उपयोगिता को सिद्ध किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयुष विभाग ने त्रिकुट चूर्ण, संशमनी वटी, आरोग्य कषायम-20 का वितरण प्रदेशवासियों को किया है। श्री कांवरे ने सभी औषधि निर्माताओं से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित औषधियों के निर्माण एवं उपयोग से संबंधित अनुभवों को साझा कर गुणवत्तायुक्त औषधियों का निर्माण करें।

प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख ने कहा कि कोरोना काल में आमजन गुणवत्तापूर्ण औषधि का इस्तेमाल करें, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण औषधियों का उत्पादन विभाग और आयुष औषधि निर्माताओं की संयुक्त जिम्मेदारी है।

झींगा उत्पादन से युवाओं को जोड़कर बनायें रोज़गार के नए अवसर

मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, जल-संसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिये की प्रदेश में झींगा मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाई जाये और इससे युवाओं को जोड़ा जाये, जिससे रोज़गार के नये अवसर उपलब्ध कराये जा सकेंगे।

श्री सिलावट ने कहा की मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक मछुआ परिवार को आर्थिक रूप से सुदृढ़ता प्रदान करना है। इसके लिए लगातार नवाचार किया जाये और अच्छे मछली बीज उत्पादन पर विशेष जोर दिया जाये, जिससे मछली की गुणवत्ता में सुधार हो और मछली उत्पादन में मार्केट की मांग और बाजार मूल्य के आधार पर मछली बीज तैयार किया जाये। मत्स्य महासंघ के जलाशयों में उच्च गुणवत्ता का बीज डाला जाये।

अपर मुख्य सचिव श्री अश्विनी कुमार ने बताया कि प्रदेश में 4 लाख 30 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जलाशय हैं, जिनमें मछली उत्पादन का काम किया जा रहा है। इसमें मत्स्य महासंघ के पास 2 लाख 28 हजार हेक्टेयर से अधिक के जलाशय हैं। इसके साथ मछली की गुणवत्ता के लिए भी अच्छे बीज उत्पादन के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में झींगा उत्पादन को बढ़ाने के लिये भी बेसिन नदी में लगातार प्रयास जारी हैं। इस वर्ष 50 टन से अधिक झींगा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा किया जायेगा। मछुआरों को विशेष प्रशिक्षण के लिए झींगा उत्पादन केन्द्रों पर भेजे जाने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है।

श्री सिलावट ने कहा कि मछुआ क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए विशेष मुहिम शुरू की जाये और सभी पात्र लोगों के कार्ड बनवाये जायें। शासन की योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिये और इसके लिए अधिकारी मछुआ कल्याण महासंघ के लोगों से निरंतर चर्चा करें और विभाग की योजना के संबंध में बतायें। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बजट का पूरा उपयोग किया जाये।

इन्दौर बना देश का पहला वॉटर प्लस शहर

इन्दौर, स्वच्छता में चार बार से देश में नंबर एक इंदौर ने स्वच्छता विजय यात्रा में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी परिणामों में इंदौर को देश का प्रथम वॉटर प्लस शहर घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिये इंदौर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही नागरिकों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा प्राप्त करने के बाद अब इंदौर देश का पहला वॉटर प्लस सिटी बन गयी है। यह इतिहास रचने के लिए सभी इंदौरवासियों को बधाई। आप पर, आपकी कार्यशैली और आपके अनुशासन पर पूरे प्रदेश को गर्व है। उल्लेखनीय है कि वॉटर प्लस की चयन प्रक्रिया में देश के 84 शहरों ने आवेदन किये थे, जिसमें से सिर्फ 33 शहरों को जमीनी सत्यापन के लिये उचित पाया गया था। जमीनी सत्यापन में इंदौर शहरवासियों की मेहनत ने एक बार फिर इतिहास रचा है।

स्वच्छता भारत मिशन शहरी के अंतर्गत देश के शहरों का विभिन्न स्वच्छता मानकों के आधार पर परीक्षण किया जाता है। इसमें ओडीएफ प्लस, ओडीएफ डबल प्लस और वॉटर प्लस की श्रेणियां हैं। वॉटर प्लस का प्रमाण-पत्र उन शहरों को दिया जाता है, जिन्होंने ओडीएफ डबल प्लस के सभी मानकों को पूर्ण किया हो। साथ ही आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अवशिष्ट मल-जल को उपचार के बाद ही पर्यावरण में छोड़ा जाता हो। ट्रीटेड वेस्ट-वॉटर का पुनः उपयोग भी सुनिश्चित किया जाता हो।

इन्दौर और जबलपुर में भी खोले जायेंगे सीपेट सेंटर

इंदौर और जबलपुर में भी जल्दी ही भोपाल के जैसे सीपेट सेंटर की स्थापना होगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने दिल्ली प्रवास पर केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मड़ाविया से भेंट कर प्रदेश में भोपाल की भांति इन्दौर एवं जबलपुर में सीपेट सेंटर की स्थापना के लिए आग्रह किया। श्री सखलेचा ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री मड़ाविया से चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही। उन्होंने इंदौर एवं जबलपुर में नवीन सीपेट सेंटर की स्थापना की स्वीकृति की सहमति दी है। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा एमएसएमई को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिए प्रदेश के एमएसएमई विभाग को नोडल एजेन्सी बनाने का अनुरोध करेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नताशा पेरी

भारतवंशी दुनिया की सबसे होनहार छात्रा

भारतवंशी ग्यारह वर्षीय नताशा पेरी को दुनिया की सबसे होनहार प्रतिभाओं में चुना गया। 84 देशों के 19 हजार स्टूडेंट्स में से नताशा पेरी ने स्कूली मूल्यांकन परीक्षा (सैट) और अमेरिकन कॉलेज परीक्षण (एसीटी) परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन किया। इसके लिए शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालय ने उसे सम्मानित भी किया है। नताशा न्यूजर्सी में थेल्मा एल सैंडमीयर एलीमेंट्री स्कूल की स्टूडेंट हैं। उन्हें डूडल बनाना और जेआरआर टोलकिन के उपन्यास पढ़ना पसंद है।

आईपीएस सोनाली मिश्रा

पहली बार महिला अधिकारी के हाथों में अटारी बॉर्डर की सुरक्षा

मध्यप्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की पंजाब फ्रंटियर का नेतृत्व कर रही हैं। वे यह जिम्मेदारी संभालने वाली देश की पहली महिला आईजी बन गई हैं। पाकिस्तान से सटी 553 किलोमीटर लंबी अटारी सीमा की सुरक्षा उन्हीं की निगरानी में होगी। पूर्व आईजी महिपाल सिंह यादव के जाने के बाद आईपीएस सोनाली को यह तैनाती मिली है।

वर्जीनिया ओलिवर

सौ वर्ष की उम्र में संभाल रहीं बोट की कमान

अमेरिका में माइने की रहने वाली वर्जीनिया ओलिवर 101 वर्ष की हो चुकी हैं। इस उम्र में वे मछली पकड़ने वाली नाव की कमान संभाल रही हैं। इन्हें झींगा मछली को पकड़ने में महारत हासिल है। इसी कारण इन्हें लॉबस्टर लेडी कहा जाता है। वे दुनिया की सबसे उम्रदराज लाइसेंसधारी लॉबस्टर वूमन हैं। वे 7 साल की उम्र से ही यह काम कर रही हैं।

मुसान म्यूजियम

दुनिया का पहला अंडरवाटर म्यूजियम

महज दस लाख की आबादी वाले देश साइप्रस के आइपा नापा के पेरनेरा क्षेत्र में अंडरवाटर स्कल्पचर म्यूजियम 'मुसान' स्थापित किया गया है। 'मुसान' को पानी के नीचे का जंगल कहा जाता है। इसमें आर्टिस्ट जेसन जेकेयर्स टेलर की 93 कलाकृतियां हैं, जिन्हें गोता लगाकर करीब से देखा जा सकता है। यह अपनी तरह का पहला अंडरवाटर म्यूजियम है।

शटलकॉक कार

हैदराबाद में कबाड़ से तैयार हुई

तेलंगाना के हैदराबाद में इंजीनियर ने शटलकॉक आकार की कार डिजाइन की है। उद्यमी के. सुधाकर ने इस कार को डिजाइन किया है। इसे बैडमिंटन खासकर टोक्यो ओलिंपिक में समर्थन देने के लिए कबाड़े से बनाया गया है। यह 60 किलोमीटर की टॉप स्पीड से दौड़ सकती है।

नीलकुरिंजी फूल

केरल में खिला असाधारण फूल

केरल के इडुक्की जिले के संथानपारा पंचायत के अंतर्गत आने वाले शालोग हिल्स पर एक बार फिर नीलकुरिंजी फूल खिल चुके हैं। नीलकुरिंजी नामक फूल दुनिया के असाधारण फूलों में से एक हैं। यह 12 साल में एक बार खिलता है। यह स्ट्रोबिलैंथेस की एक किस्म है और ये मीनोकार्पिक पौधा है। यह अगस्त से खिलना शुरू होते हैं और अक्टूबर तक ही रहते हैं।

मिनरवर्या पेंटली

मेंढक की नई प्रजाति खोजी गई

दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता ने केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम् के पश्चिमी घाट क्षेत्र में मेंढक की नई प्रजाति का पता लगाया है। इसका नाम पूर्व कुलपति और प्रसिद्ध पाइप अनुवांशिकी प्रोफेसर दीपक पेटल के नाम पर 'मिनरवर्या पेंटली' रखा गया है। डीयू के अनुसंधानकर्ता प्रो. एस.डी. बीजू और डॉक्टर सोनाली गर्ग के अनुसार विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त जैव विविधता वाले क्षेत्र में डिकोग्लोसिडे परिवार से संबंधित नई प्रजाति के इस मेंढक की खोज की गई।

बृहस्पति ग्रह

चंद्रमा पर जलवाष्प के प्रमाण मिले

खगोल वैज्ञानिकों ने नासा के हबल टेलिस्कोप से बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा गैनीमेड के वायुमंडल में जलवाष्प की मौजूदगी का प्रथम साक्ष्य जुटाया है। इस खोज के लिए दूरबीन के नये और पुराने आंकड़ों के समूह का इस्तेमाल किया गया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक जलवाष्प उस वक्त बनता है जब चंद्रमा की सतह पर बर्फ ठोस से गैस में तब्दील होती है। हबल के इमेंजिंग स्पैक्टोग्राफ ने 1998 में गैनिमेड की पहली पराबैंगनी तस्वीर ली थी।

वैक्सीन वाली बॉर्बी डॉल

प्रोफेसर डैम सारा गिल्बर्ट के सम्मान में जारी की गई

कोरोना वैक्सीन वाली ऑक्सफोर्ड की वैज्ञानिक प्रोफेसर डैम सारा गिल्बर्ट के सम्मान में बॉर्बी डॉल बनाने वाली कंपनी ने उनकी डॉल बनाकर जारी की। प्रोफेसर गिल्बर्ट ने कहा कि यह सम्मान उन लड़कियों को प्रेरित करेगा, जो विज्ञान, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग (स्टेम) में कॅरियर बनाना चाहती हैं।

'उत्तराखंड भूकंप अलर्ट' एप

नुकसान कम करने के लिए तैयार

भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने अहम कदम बढ़ाया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के माध्यम से 'उत्तराखंड भूकंप अलर्ट' एप तैयार किया गया है। लॉन्च हुए इस एप के जरिये रिक्टर पैमान पर 5.5 तीव्रता से अधिक भूकंप आने पर संभावित इलाकों में लोगों को सतर्क किया जा सकेगा। भूकंप आने पर तत्काल अलर्ट के लिए गढ़वाल और कुमाऊं में 165 सेंसर लगाए गए हैं।

एस.एन. घोरमडे

नौसेना के उप प्रमुख बने

वाइस एडमिरल एस.एन. घोरमडे ने नौसेना उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। घोरमडे ने जी. अशोक कुमार की जगह ली है। इससे पहले घोरमडे एकीकृत रक्षा स्टाफ (संचालन और प्रशिक्षण) के उप प्रमुख थे। 1 जनवरी 1984 को नौसेना में शामिल हुए घोरमडे को अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

दुर्लभ कछुआ

साउथ कैरोलिना के बीच पर मिला

अमेरिका के साउथ कैरोलिना में बीच पर दो मुंह का एक दुर्लभ कछुआ मिला है। यह बीच की रेत पर चल रहा था। स्टेट पार्क के एक्सपर्ट के अनुसार जेनेटिक म्यूटेशन की वजह से जीवों में ऐसा होता है। पहले तो आस-पास के लोगों को लगा कि कछुआ नकली है, लेकिन वह धीरे-धीरे रेत पर चलने लगा। तब इसकी जानकारी मीडिया को दी गई। सारी जानकारी जुटाने और फोटो खींचने के बाद उसे समुद्र में छोड़ दिया गया।

लुइसा विल्सन

ब्रिटेन की सबसे बुजुर्ग महिला 109 वर्ष की हुईं

दो विश्व युद्ध, स्पेनिश फ्लू और कोरोना जैसी महामारी को अपनी आंखों से देखने वाली स्कॉटलैंड की सबसे उम्रदराज महिला लुइसा विल्सन 109 वर्ष की हो गई हैं। उन्हें ब्रिटेन की महारानी की तरफ से बर्थडे कार्ड भी मिला। 1912 में जन्मी लुइसा पांच भाई-बहनों में से सबसे बड़ी हैं। 1989 में उनके पति रॉबर्ट का निधन हो गया था।

निकोल ओलिविरा डि लिमा

विश्व की सबसे छोटी खगोलविद

ब्राजील की महज सात साल की मासूम निकोल ओलिविरा डि लिमा सात क्षुद्र ग्रहों का पता लगा कर इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कोलैबरेशन और नासा के 'एस्टारॉइड हंट' प्रोग्राम की विजेता बन गई हैं। उसे ब्राजील के विज्ञान और तकनीक मंत्रालय और इनोवेशन के पहले एस्ट्रानॉमी इंटरनेशनल सेमिनार में बोलने का मौका भी दिया गया। निकोल अपने उम्र के बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बन गयी हैं।

इस्माइल हानिया को

हमास ने दोबारा बनाया अपना सर्वोच्च नेता

इस्लामी चरमपंथी समूह हमास ने इस्माइल हानिया को फिर से अपना सर्वोच्च नेता चुन लिया है। हमास में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई शूरा परिषद ने इस्माइल हानिया को चार साल के लिए सर्वोच्च नेता चुना है। बताया जा रहा है कि इस्माइल हानिया को चुनौती देने के लिए संगठन में दूसरा दावेदार भी खड़ा नहीं हुआ। इस्माइल हमास के संस्थापक अहमद यासीन के पूर्व सहयोगी हैं। यासीन की 2004 में इजरायली हवाई हमले में हत्या कर दी गई थी। 2006 में संसदीय चुनाव जीतने के बाद इस्माइल हानिया को फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्त किया था।

जनरल हलिंग

म्यांमार के प्रधानमंत्री नियुक्त

म्यांमार की लोकतांत्रिक सरकार को अपदस्थ करने वाले सैन्य तानाशाह मिन आंग हलिंग ने खुद को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया है। छह महीने पहले म्यांमार की सेना ने आंग सांग सू की की नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक सरकार को हटा दिया था। इतना ही नहीं सेना ने सू को नजरबंद कर दिया था।

पेड्रो कैस्टिलो

पेरु के राष्ट्रपति बने

पेड्रो कैस्टिलो पेरु के नये राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने पद की शपथ समारोहपूर्वक ग्रहण की है। कैस्टिलो ने दक्षिण पंथी नेता कीको फुजिमोरी को मात्र 44,000 मतों के अंतर से हराया था। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि हमारा देश एक किसान द्वारा शासित होगा।

कनाडा में

करोड़ों साल पुराना जीवाश्म मिला

कनाडा के पहाड़ों में करीब 89 करोड़ साल पुराना जीवाश्म खोजा गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह धरती धरती का सबसे पहला जानवर हो सकता है। यह जीवाश्म ऐसे समुद्री स्पंज के पूर्वजों का रहस्य खोल सकते हैं जो 89 करोड़ साल पहले रहे होंगे। इसका विश्लेषण करने वाली यूनिवर्सिटी ऑफ कनाडा की जियॉलाजिस्ट एलिजाबेथ टर्नर ने बताया है कि ये स्पंज नियोप्रोटरजिक काल के रहे होंगे।

स्मृति शेष

सबसे बुजुर्ग धाविका मान कौर का निधन

अंतर्राष्ट्रीय वेटरन एथलीट मान कौर का 105 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मिरेकल ऑफ चंडीगढ़ के नाम से मशहूर मान तब सुर्खियों में आई थीं, जब उन्होंने 102 साल की उम्र में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 100 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने कुल 35 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीते हैं।

साहित्यकार और डोंगरी साहित्य की लेखिका पद्मा सचदेव का निधन

साहित्यकार व डोंगरी भाषा की पहली आधुनिक कवयित्री पद्मा सचदेव का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री, मध्यप्रदेश सरकार के कबीर जैसे सम्मानों से सम्मानित थीं।

एक्टर अनुपम श्याम का ऑर्गन फेलियर से निधन

बॉलीवुड फिल्मों और पॉपुलर टीवी शो मन की आवाज प्रतिज्ञा में ठाकुर सज्जन सिंह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अनुपम श्याम का निधन हो गया है। लंबी बीमारी के बाद मल्टिपल ऑर्गन फेलियर की वजह से एक्टर का निधन हो गया। कुछ समय पहले भी अनुपम श्याम अपनी बिगड़ती सेहत की वजह से चर्चा में आए थे। उस समय बॉलीवुड और मनोरंजन जगत से जुड़े लोगों ने उनकी मदद की थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना से बचने की तीन बातें बहुत जरूरी, टीका लगवाना, मास्क पहनना और अपनाना दो गज दूरी।

विश्व मानवतावादी दिवस 19 अगस्त

मानवतावादी कार्यों में जान गंवाने वालों की स्मृति में मनाया जाता है यह दिवस

मानव जाति की सेवा का मूल मंत्र हर धर्म में निहित है। तभी तो कहा गया है कि "नर सेवा, नारायण सेवा" अर्थात् मानव की सेवा में ही भगवान की सेवा है। वैश्विक स्तर पर आज हमें मानवता की सेवा के अलग-अलग मायने देखने को मिलते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2021 में 235 मिलियन लोगों को मानवीय सहायता और सुरक्षा की आवश्यकता होगी। इसका मलतब यह हुआ कि 33 में से एक व्यक्ति को मानवीय सहायता चाहिए, पहले यह आंकड़ा 45 में से एक व्यक्ति का था। संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों द्वारा 56 देशों के सबसे ज्यादा जरूरत वाले 160 करोड़ लोगों की सहायता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 35 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। दुनिया भर में अलग-अलग तरह की मुसीबतों और समस्याओं का सामना करने वालों की मदद के लिये कई राहतकर्मी और सहृदयी लोग आगे आते हैं। ये लोग जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाते हैं, इसलिए कुछ विध्वंसकारियों द्वारा अक्सर इन्हें निशाना बनाया जाता है और धमकियां दी जाती हैं। कई अवसर ऐसे भी आए हैं जब इनकी हत्या तक कर दी गई है।

प्रत्येक वर्ष अगस्त माह की 19 तारीख को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व मानवतावादी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर मानवतावादी संकट में अपनी जान गंवा दी या मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिये अपने प्राणों को दाव पर लगा दिया। इस दिन उन सहायता कर्मियों और लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने बाधाओं के बावजूद जीवन-रक्षक कार्य किये और लोगों को सुरक्षा तथा सेवा प्रदान की। कोरोना महामारी में यह दिवस और भी खास हो गया है, क्योंकि पिछले कई महीनों से पूरा विश्व कोविड-19 नामक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में कई देशों में सहायताकर्मी लोगों की सहायता करने के लिए तमाम बाधाओं को तोड़ते हुये अभूतपूर्व पहुंच बना रहे हैं और समुचित सहायता प्रदान कर रहे हैं।

बगदाद बम ब्लास्ट की याद दिलाता है दिवस

विश्व मानवतावादी दिवस बगदाद में हुये बम ब्लास्ट की याद दिलाता है। दरअसल वर्ष 2003 में 19 अगस्त को इराक के बगदाद में भयानक बम हमला हुआ था, इस विस्फोट में इराक में तैनात मुख्य मानवतावादी सर्जियो विएरा डी मेलो सहित 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने इस तारीख को औपचारिक रूप से मानवतावादी दिवस के तौर पर मानने की मान्यता दी। बगदाद की त्रासदी के बाद अब तक हजारों राहतकर्मियों को निशाना बनाया गया है, जिसमें कई मृत्यु का शिकार हुए, कई घायल हुए तथा कइयों को गिरफ्तार और अपहृत किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा कहा गया है कि "हम विश्वस्तरीय संघर्षों से प्रभावित होने वाले नागरिकों और उन राहतकर्मियों की सहायता के लिए एकजुट हैं जो दूसरों की मदद करने के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने को तत्पर रहते हैं।" संयुक्त राष्ट्र इस बात पर जोर देता है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी मानवीय कार्यकर्ताओं को सुरक्षित किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दिन प्रति दिन बढ़ते हुए आतंक और हिंसा के वैश्विक खतरों के बीच मानवीय कर्मियों का काम काफी अहम है। सीरिया से लेकर दक्षिण सूडान और मालदीव से लेकर अफ्रीका के भुखमरी वाले इलाकों तक मानवता कर्मियों का कार्य काफी महत्वपूर्ण है। आतंक और हिंसा के संकट के बीच दुनियाभर के लोगों के लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को हासिल करने के लिए लाखों लोग हर दिन जूझते हैं। इनकी सहायता के लिए और उसे नया आयाम देने के लिए विश्व मानवतावादी दिवस जैसे आयोजनों का महत्व बढ़ जाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवतावादी मिशन भी चलाया जाता है। ये मिशन दया, सहानुभूति, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर

आधारित होते हैं। मानवतावादी सहायता कर्मी आपदा प्रभावित समूहों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता करने के साथ-साथ उनके दीर्घकालिक पुनर्वास का प्रयास करते हैं। ये मिशन इस बात का भी सन्देश देते हैं कि मानवीय सहायता कर्मियों का सम्मान किया जाना चाहिए।

इस बार #TheHumanRace होगा खास

हर साल विश्व मानवतावादी दिवस पर बड़े आयोजन होते थे, सैकड़ों लोग एकत्र होकर मानवता के लिये कार्य करने वालों को याद करते थे। लेकिन इस बार वैश्विक महामारी के कारण हमें अपने घरों से ही उन रियल लाइफ हीरोज़ को धन्यवाद देना है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना मानव सेवा में अपना जीवन खपा दिया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष वैश्विक स्तर पर "#TheHumanRace" कैंपेन शुरू किया गया है। दरअसल सोशल नेटवर्क साइट्स पर हैश टैग द ह्यूमन रेस (#TheHumanRace) नामक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत मानवता के लिये कार्य करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए दौड़, राइडिंग, तैराकी और वॉकिंग जैसी अपनी पसंद की किसी भी एक्टिविटी को 100 मिनट तक करना है। आप इसे 16 से 31 अगस्त के बीच कभी भी कर सकते हैं। कोई भी एक्टिविटी करने के बाद उसे #TheHumanRace #WorldHumanitarianDay जैसे हैश टैग के साथ सोशल मीडिया में पब्लिश करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र में मानवीय मामलों का समन्वय

संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1991 में 46/182 संकल्प को अपनाया गया था। जिसे संयुक्त राष्ट्र की जटिल आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं की प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, लेकिन इससे मानवीय कार्यों की समग्र प्रभावशीलता में सुधार हुआ है। इस संकल्प ने आपातकालीन राहत समन्वयक (ईआरसी) की उच्च स्तरीय स्थिति बनाई थी। इस संकल्प प्रस्ताव को अपनाने के तुरंत बाद महासचिव ने मानवीय मामलों के विभाग (DHA) की स्थापना की। उन्होंने ईआरसी को मानवीय मामलों के लिए अवर-महासचिव का दर्जा भी दिया। वर्ष 1998 में महासचिव के सुधार कार्यक्रम के एक भाग के रूप में डीएचए (DHA) को मानवीय मामलों के समन्वय (OCHA) के कार्यालय में पुनर्गठित किया गया और मानवीय प्रतिक्रिया, नीति विकास तथा मानवीय वकालत के समन्वय को शामिल करने के लिए इसके जनादेश का विस्तार किया गया।

डैनी काये के नाम पर दिया जाता है पुरस्कार

प्रसिद्ध अमेरिकी मनोरंजक अभिनेता, मानवतावादी और दुनिया भर के बच्चों के लिए यूनिसेफ के पहले सद्भावना दूत डैनी काये के नाम पर यूनिसेफ द्वारा मानवतावादी पुरस्कार (Humanitarian Award) प्रदान किया जाता है। डैनी काये का जन्म 18 जनवरी, 1913 को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में हुआ था (उनके जन्म का वास्तविक वर्ष 1911 था, लेकिन उनका जन्मदिन 1913 को मनाया गया था)। 1954 में वह यूनिसेफ के पहले सद्भावना राजदूत बने। काये चैरिटी का समर्थन करने के लिए मशहूर हस्तियों के लिए एक रोल मॉडल थे। उन्हें अपने मानवीय कार्यों के लिए दो मानद ऑस्कर मिले थे। डैनी काये को वर्ष 1974 में लायंस क्लब से मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, 03 मार्च 1987 को उनका निधन हो गया।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- 2020 में 475 सहायता कर्मियों पर हमला किया गया जिसमें से 108 मारे गए, 242 घायल हुए और 125 का अपहरण किया गया।
- अधिकांश हिंसा दक्षिण सूडान, सीरिया और डीआरसी में हुई। वहीं कुछ अन्य बड़ी घटनाएं मध्य अफ्रीकी गणराज्य और माली में देखने को मिलीं, जहां 2018 के बाद से घटनाएं दोगुनी से अधिक हो गई हैं।
- 2020 में 20 वर्षों में पहली बार यह देखा गया कि सहायता कर्मियों के लिए शीर्ष पांच सबसे हिंसक जगहों में से अफगानिस्तान एक नहीं था।
- इथियोपिया के टाइग्रे में सहायता कर्मियों के खिलाफ हमले 2020 के दौरान बढ़े और 2021 में और भी बदतर हो गए।
- बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को यूनिसेफ की ओर से डैनी काये मानवतावादी पुरस्कार वर्ष 2019 से सम्मानित किया गया है। प्रियंका चोपड़ा पिछले कई वर्षों से सद्भावना राजदूत के रूप में यूनिसेफ से जुड़ी हुई हैं। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद प्रियंका ने कहा था कि "समाज सेवा अब कोई विकल्प नहीं रह गया है, समाज सेवा जीवन का एक माध्यम बन गया है।"

- रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल

1. वर्ष-2020 में फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब किस क्लब ने जीता है?
(अ) रियल मैड्रिड (ब) लिवरपूल
(स) बायर्न म्यूनिख (द) फ्लेमिंगो

2. आईसीसी ने इनमें से किसे दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार दिया है?
(अ) विराट कोहली
(ब) स्टीव स्मिथ
(स) जो रूट
(द) फाफ डू प्लेसिस

3. इनमें से किस खिलाड़ी के नाम विश्व का सबसे युवा ग्रैंड मास्टर बनने का रिकॉर्ड है?
(अ) अभिमन्यु मिश्रा
(ब) सर्गेई कर्जाकिन
(स) परिमार्जन नेगी
(द) मैग्नस कार्लसन

4. अगले ओलिंपिक खेल (वर्ष-2024 में) किस शहर में आयोजित किए जाएंगे?
(अ) लॉस एंजिलिस (ब) पेरिस
(स) हेलसिंकी (द) ब्रिस्बेन

5. वीरेन्द्र सहवाग ने इनमें से किस देश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाया है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) पाकिस्तान
(स) अ और ब दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं

6. इनमें से कौन-सा स्टेडियम फुटबॉल से संबंधित नहीं है।
(अ) मैराकाना (ब) वेम्बले
(स) साल्ट लेक (द) लॉर्ड्स

7. इटली ने कितनी बार यूरो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता है?
(अ) एक बार
(ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

8. इस वर्ष इनमें से किस रेसर ने ब्रिटिश ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीती है?
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) मैक्स वर्स्टापेन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) सर्जियो पेरेज

9. टाइसन फ्यूरी किस देश के दिग्गज प्रोफेशनल मुक्केबाज हैं?
(अ) ब्रिटेन (ब) मैक्सिको
(स) बेल्जियम (द) जर्मनी

10. जेरेमी लालरिननुंगा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) हॉकी (ब) भारोत्तोलन
(स) एथेलेटिक्स (द) जिम्नास्टिक

11. ब्योन बोर्ग ने कितनी बार विम्बलडन में एकल खिताब जीता है?
(अ) चार (ब) पांच
(स) सात (द) आठ

12. वर्ष-2022 में वर्ल्ड एक्वॉटिक्स चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जाएगी?
(अ) किर्गिस्तान (ब) जर्मनी
(स) जापान (द) बुल्गारिया

13. स्पेन ने वर्ष-2019 में किस देश को हराकर डेविस कप का खिताब जीता था?
(अ) क्रोएशिया (ब) स्विट्जरलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) कनाडा

14. वर्ष 2017 में किस देश ने सुदीरमन कप जीता था?
(अ) दक्षिण कोरिया (ब) चीन
(स) डेनमार्क (द) मलेशिया

15. हाल ही में बांग्लादेश के किस खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है?
(अ) शाकिब अल हसन
(ब) महमुदुल्लाह
(स) तमीम इकबाल
(द) सौम्य सरकार

16. टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान थीं?
(अ) रानी रामपाल
(ब) सविता पूनिया
(स) नवनीत कौर
(द) सुशीला चानू

17. इनमें से किस देश ने सर्वाधिक चार बार ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की है?
(अ) ग्रीस (ब) फ्रांस
(स) ब्रिटेन (द) अमेरिका

18. सचिन तेंदुलकर के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) कुमार संगाकारा
(ब) विराट कोहली
(स) ब्रायन लारा
(द) हर्शल गिब्स

19. पैरा एथलीट देवेन्द्र झाझड़िया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) बैडमिंटन (ब) भाला फेंक
(स) टेनिस (द) गोला फेंक

20. इनमें से किस देश में सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन होता है?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) मलेशिया (द) कतर

21. वर्ष-2019 में बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे?
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) विक्टर एक्सेलसन
(स) चेन लांग
(द) एंडर्स एंटोनसेन

22. इस वर्ष कोपा अमेरिका कप में लियोनल मेसी ने कितने गोल किए?
(अ) एक (ब) तीन
(स) चार (द) इनमें से कोई नहीं

23. युवा साइक्लिस्ट तादेज पोगाकार किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) फ्रांस (ब) स्लोवेनिया
(स) स्विट्जरलैंड (द) कोलंबिया

24. सबसे ज्यादा बार अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप जीतने वाला देश है?
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) वेस्टइंडीज

25. वर्ष-2020 में पेरिस मास्टर्स टेनिस में एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता था?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) डेनिल मेदवेदेव
(स) मिलोस राउनिक
(द) एंडी मरे

उत्तरमाला

1. (स), 2. (ब), 3. (अ) 4. (ब), 5. (स), 6. (द) 7. (ब), 8. (अ), 9. (अ) 10. (ब), 11. (ब), 12. (स) 13. (द), 14. (अ), 15. (ब) 16. (अ), 17. (द), 18. (अ) 19. (ब), 20. (स), 21. (अ), 22. (स), 23. (ब), 24. (अ) 25. (ब)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

MSME TECHNOLOGY CENTRE (INDORE)

(INDO GERMAN TOOL ROOM)

Ministry of MSME, Government of India

291/बी -302/ए, सेक्टर ई इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर -452015

Email: trg@igtr-indore.com, Ph.:(0731)- 4210700, 4210743, 4210703

No Tuition Fees for SC/ST candidates

3 yrs. age relaxation for SC/ST candidates

ADMISSION NOTICE

AICTE/ NCVT APPROVED DIPLOMA/ITI COURSES

Group A (Based on 10th merit)

No.	Name of Course	Tuition Fees 1Yr.=2 Sem.	Recognized	समूह 'अ' के लिए नीचे स्कैन करें
1	Advance Diploma in Tool & Die Making	₹ 20100/- per sem.	AICTE	
2	Diploma in Mechatronics)			
3	Diploma in Computer science			

न्यूनतम योग्यता एवं आयु सीमा (Min. Qualification & Age Limit) :

• Science एवं Maths विषय सहित 10वी में न्यूनतम 60 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए एवं 10वी में न्यूनतम 50 प्रतिशत (पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति (OBC, SC/ST) के लिए) • दिनांक 01.08.2021 को 15 से 19 वर्ष।

Group B (Direct Admission)

1	Diploma in Vocation Production Technology	₹ 17500/- per sem.	AICTE	समूह 'ब' के लिए नीचे स्कैन करें
2	ITI Machinist	₹ 15,000/- per sem.	NCVT	
3	ITI Fitter	₹ 12500/- per sem.		
4	ITI Turner	₹ 10000/- per sem.		
5	ITI Machinist Grinder	₹ 10000/- per sem.		
6	ITI Welder	₹ 5,000/- per sem.		

न्यूनतम योग्यता एवं आयु सीमा (Min. Qualification & Age Limit) :

• Science एवं Maths विषय सहित 10 वी उर्तीण • दिनांक 01.08.2021 को 15 से 23 वर्ष।

ग्रुप A में प्रवेश की अंतिम तिथि 17/08/2021

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com पर विजिट करें

Contact: 90090 00276, 91318 31557, 99811 14092

ALL COURSES ARE ELIGIBLE FOR GOVERNMENT JOB AND HIGHER STUDIES

R-45827/2021 deepak

दूरवर्ती शिक्षा संस्थान

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

(नैक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त)

विश्वविद्यालय वेबसाइट www.dhsgsu.ac.in

प्रवेश प्रारम्भ (2021-22)

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	आवश्यक योग्यता	वार्षिक शुल्क
1.	पर्यावरण प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	किसी भी विषय में स्नातक	रु. 9000/-
2.	कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-
3.	अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निर्यात प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-
4.	मनोवैज्ञानिक परामर्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-
5.	योग एवं ध्यान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-
6.	योग एवं मनोचिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-
7.	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	-तदैव-	रु. 7500/-

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन संबंधित पाठ्यक्रम के व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (Personal Contact Programme, PCP) के प्रारंभ होने के एक दिन पहले तक **IDBI Bank A/c No. 0407104000135337 (IFSC Code : IBKL0000407)** अथवा **Axis Bank A/c No. 920020036222563 (IFSC Code : UTIB0004355)** में उक्त निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क एवं प्रवेश आवेदन पत्र शुल्क रुपये 300/- online जमा कर व रसीद की फोटोकॉपी संलग्न कर **निदेशक, दूरवर्ती शिक्षा संस्थान, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर 470003 (म.प्र.)** को भेज सकते हैं।

नोट : वर्तमान में अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके नियमित विद्यार्थी एवं शोध-छात्र, केन्द्र व राज्य सरकार के अधिकारी/कर्मचारी, सैनिक व व्यवसायी प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी भी यू.जी.सी. के दिशा-निर्देशों के अनुसार ओडीएल प्रणाली के तहत संस्थान से एक ही अकादमिक सत्र में किसी एक पाठ्यक्रम या दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

अन्य जानकारी के लिये **दूरभाष नं. 07582-265055, 297119 (ऑफिस)** पर संस्थान के कार्यालय से सम्पर्क करें (सिर्फ सोमवार से शुक्रवार)।

निदेशक

आर-45831/2021 दूरवर्ती शिक्षा संस्थान

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011, (GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 159/MTN/2021

No. 11519/22/D-12/NIT-Maint./2021 **Bhopal, Dated : 12.08.2021**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work - REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Agar Malwa	1	18137358.00
2	Alirajpur	6	60972916.00
3	Ashoknagar	3	30581821.00
4	Balaghat	1	15600007.00
5	Bhind	3	18919177.00
6	Chhatarpur	2	39401759.00
7	Chhindwara	3	18714328.00
8	Damoh	1	8643300.00
9	Datia	1	5885869.00
10	Dewas	6	43120798.00
11	Dhar	4	23757469.00
12	Guna	1	8596601.00
13	Gwalior	1	10882834.00
14	Indore	2	19857869.00
15	Jabalpur	1	3190834.00
16	Katni	1	11072113.00
17	Khandwa	3	21387461.00
18	Khargone	4	23669596.00
19	Mandsaur	2	30288752.00
20	Narsinghpur	2	22303957.00
21	Panna	1	8443790.00
22	Raisen	1	10741330.00
23	Rajgarh	1	5717192.00
24	Ratlam	1	20191552.00
25	Rewa	3	19396438.00
26	Satna	4	36270694.00
27	Shajapur	4	23076103.00
28	Shivpuri	2	20202898.00
29	Singrauli	2	22240997.00
30	Ujjain	4	22200625.00
31	Vidisha	2	13858215.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Agar Malwa	1	4590831.00
2	Alirajpur	10	144163595.00
3	Betul	1	7719958.00
4	Chhindwara	2	13427216.00
5	Damoh	1	3751778.00
6	Dewas	3	24753235.00
7	Dhar	2	15769106.00
8	Indore	1	18271223.00
9	Jhabua	5	94258369.00
10	Khandwa	3	25666930.00
11	Khargone	3	40044839.00
12	Mandsaur	2	34060081.00
13	Narsinghpur	1	9910198.00
14	Panna	1	1554467.00
15	Ratlam	1	12946821.00
16	Rewa	1	1736641.00
17	Shahdol	1	5482241.00
18	Shivpuri	1	19423362.00
19	Ujjain	1	1969918.00
20	Vidisha	1	8623400.00

3. Table No. 3 :- Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Alirajpur	2	14048995.00
2	Balaghat	2	24802925.00
3	Barwani	1	2724886.00
4	Chhatarpur	1	16963852.00
5	Datia	1	11854646.00
6	Dhar	3	59179186.00
7	Guna	1	8884900.00
8	Indore	2	11323688.00
9	Jhabua	2	5269110.00
10	Khargone	1	11943374.00
11	Mandsaur	3	22595822.00
12	Rajgarh	2	25513459.00
13	Sagar	1	8541008.00
14	Ujjain	1	5662944.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **20.08.2021 from 17:30 hrs.** 2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/101632/45832/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & e-G)**

रोज़गार के साथ पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर सिंगरौली को मिलेगी नई पहचान

इको-टूरिज़्म के लिए एनसीएल का मध्यप्रदेश पर्यटन के साथ एमओयू

भोपाल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने सिंगरौली क्षेत्र के इको-टूरिज़्म सर्किट को विकसित करने के उद्देश्य से मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया है। पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) के प्रबंध संचालक श्री एस. विश्वनाथन ने कहा कि सिंगरौली को देश के पर्यटन मानचित्र पर उभारने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। सिंगरौली आने वाले समय में एक प्रख्यात पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। श्री विश्वनाथन ने कहा कि पर्यटन के द्वारा कम निवेश से बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलता है। उन्होंने एनसीएल के सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पहल से मध्यप्रदेश में इको-टूरिज़्म सर्किट के विकास को बल मिलेगा।

नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सीएमडी श्री पी.के. सिन्हा ने एक बार फिर सिंगरौली क्षेत्र के सतत् विकास पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सिंगरौली इको-टूरिज़्म सर्किट के विकास के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है, जो सिंगरौली जिले के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा। कलेक्टर सिंगरौली श्री राजीव रंजन मीणा ने इस पहल के लिए एनसीएल तथा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का अभिनंदन किया। उन्होंने जिला प्रशासन के पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि इससे सिंगरौली को देश में नई पहचान मिलेगी।

एनसीएल के एमपी टूरिज़्म के साथ एमओयू से इको-माइन टूरिज़्म और इको-पार्क के विकास के अवसर मिलेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार और व्यापार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। इस पहल से मध्यप्रदेश राज्य में खनन, वन्य जीव तथा सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण एक नए पर्यटन सर्किट का विकास होगा। एनसीएल-आईआईटी (बीएचयू) इनक्यूबेशन सेंटर, सिंगरौली आने वाले पर्यटकों के लिए अनुसंधान की सुविधा, जानकारी एकत्र करने, डिजाइन और टूर योजनाओं में सहायक होगा। इस पहल के माध्यम से एनसीएल, राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ सिंगरौली क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को उसके मूल रूप में सहेजते हुए राष्ट्रीय पटल पर प्रतिबिम्बित करेगी।

एनसीएल भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनीरत्न कंपनी है, जो 10 अत्यधिक मशीनीकृत ओपनकास्ट कोयला खदानों से सालाना 115 मीट्रिक टन से अधिक कोयले का उत्पादन करती है, जिससे देश की 10 प्रतिशत ऊर्जा बनती है। साथ ही कंपनी सिंगरौली क्षेत्र के लोगों के सामाजिक-आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मध्यप्रदेश पर्यटन अपने पर्यटन स्थलों और उत्तरोत्तर पर्यटक सुविधाओं के लिए विश्व में विशिष्ट स्थान रखता है। अभी गत माह ही मध्यप्रदेश पर्यटन की 12 इकाइयों ने विश्व की विख्यात पर्यटक मार्गदर्शी संस्था ट्रिप एडवाइज़र का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ट्रैवलर्स च्वॉइस अवॉर्ड 2021 जीता है।

इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) डॉ. अनिंद्य सिन्हा, निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) श्री आर.एन. दुबे, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री एस.एस. सिन्हा एवं एनसीएल और एमपीएसटीडीसी के मुख्य अभियंता श्री डी.एस. यादव, कंपनी सचिव श्री संदेश यशलाह, महाप्रबंधक श्री एस.पी. सिंह सहित आईआईटी-बीएचयू के अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Mount Everest is in ..... Himalayas.
a) a b) an
c) the d) no article

2. Raju is ..... extraordinary player in Polo.
a) a b) an
c) the d) no article

3. ..... peacock is in the danger of extinction.
a) a b) an
c) the d) No article

4. Sinu heard ..... old story of a king and a queen.
a) a b) an
c) the d) no article

5. He has gifted ..... special pen to his teacher.
a) the b) an
c) a d) no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. Her parents were never good ..... her.
a) on b) for
c) at d) to

7. Don't interfere ..... my personal matters.
a) to b) by
c) with d) in

8. Raju is fond ..... sweets.
a) with b) in
c) of d) for

9. Everything is ..... short supply.
a) of b) for
c) in d) with

10. It was common talk ..... the boys and girls.
a) between b) at
c) to d) among

11. This song is composed ..... her.
a) of b) in
c) at d) by

12. The meeting is scheduled ..... 10 a.m.
a) of b) in
c) on d) at

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. Sanjay ..... Hindi in Modern college.
a) is teaching
b) teach
c) teaches
d) has been teaching

14. Raman ..... online lecture on "Gender Sensitization" now.
a) will deliver
b) had delivered
c) is delivering
d) has delivered

15. The principal ..... the new fees structure for admission in college yesterday.
a) did declared
b) declared
c) will declare
d) has declared

16. The train ..... at 8.00 pm tonight.
a) was arrived
b) is arriving
c) is arrived
d) arrives

17. So far he ..... his bank installments on time.
a) paid
b) has paid
c) had been paid
d) was paid

18. I ..... any help so far.
a) Have receive
b) have not received
c) received
d) am receiving

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. Remove shoes.
a) You remove shoes.
b) Shoes must be removed.
c) Let shoes be removed.
d) You are requested to remove shoes.

20. The food bill is paid by Vikas.
a) Vikas paid the food bill.
b) The food bill by Vikas are paid.
c) Vikas pays the food bill.
d) Vikas has paid the food bill.

21. You are requested to book the ticket.
a) Let the ticket be booked.
b) Book the ticket please.
c) Book the ticket.
d) You must book the ticket.

22. Nothing has been done.
a) It has been done nothing.
b) He has done nothing.
c) They have done anything.
d) Is it not done anything.

23. His family served food to the poor people.
a) Food was served by the poor people to his family.
b) The poor people were served food by his family.
c) The poor people served food to his family.
d) The poor people had been served food by his family.

24. Ram and his friends helped the poor in pandemic situation.
a) The poor in pandemic situation are helped by Ram and his friends.
b) Pandemic situation was helped to poor by Ram and his friends.
c) The poor were helped in pandemic situation by Ram and his friends.
d) The pandemic situation was helped by Ram and his friends to the poor.

25. The city was destroyed by the enemy.
a) The enemy was destroyed by the city.
b) The city had been destroyed by the enemy.
c) The enemy had been destroyed by the city.
d) The enemy destroyed the city.

Idioms and phrases. (Question No. 26 to 30)

26. Put in jeopardy.
a) Accept but with no heart.
b) A pleasant situation.
c) A situation that could prove risky.
d) Voyage undertaken for experience.

27. Between the hammer and the anvil.
a) Stick to his/her words.
b) Facing two equally unpleasant or risky alternatives.
c) Connect with all good happenings.
d) Move around without reason.

28. Use one's noodle.
a) Deconstruct the history.
b) Destroy completely.
c) To use one's own intelligence and intellect.
d) To use someone for the benefit only.

29. By hook or crook.
a) Political activities for welfare.
b) Stars in any good activity.
c) By fair or foul means.
d) By fair and legal way.

30. Take a leaf out of one's book.
a) Imitate someone.
b) Hide something while speaking.
c) Speak frankly and directly.
d) Don't copy for anything.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Bleak
a) Drab
b) Miserable
c) Pleasant
d) Notorious

32. Clarify
a) Explain b) Baffle
c) Simplify d) Vault

33. Raise
a) Lift b) Lower
c) Illusory d) Hoist

34. Damp
a) Humid b) Gauche
c) Wet d) Barren

35. Descent
a) Large b) Drop
c) Fall d) Ascent

Synonym (Question No. 36 to 40)

36. Fortify
a) Weaken
b) Relevant
c) Wane
d) Consolidate

37. Defray
a) Owe b) Lush
c) Fertile d) Pay

38. Mock
a) Hide b) Praise
c) Deride d) Extol

39. Pliable
a) Useful
b) Cowardice
c) Docile
d) Fear

40. Delight
a) Sorrow b) Cozy
c) Regret d) Ecstasy

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. The action of speaking against God or sacred things.
a) Butchering
b) Prayer
c) Gazette
d) Blasphemy

42. An imaginary ideal society free of poverty and suffering.
a) Treasury
b) Utopia
c) Outopia
d) Oracle

43. Government by new or inexperienced hands.
a) Mobocracy
b) Democracy
c) Neocracy
d) Astronomy

44. A study of derivation of words.
a) Etymology
b) Semantics
c) Syntax
d) Phonetics

45. One who pretends to be what he/she is not.
a) Feminist
b) Blasphemy
c) Hypocrite
d) Leader

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. a) Arsenal b) Orsenal
c) Arsenel d) Arosenal

47. a) Atrocity b) Atricity
c) Atriocity d) Atracity

48. a) Inteligence
b) Intelligence
c) Intaligence
d) Intealigence

49. a) Grajuation
b) Graduation
c) Gradjuation
d) Graduasion

50. a) Iconaclast
b) Iconoclast
c) Iconoclost
d) Iconclast

Answers

1. c, 2. b, 3. c, 4. b, 5. c, 6. d, 7. d, 8. c, 9. c, 10. d, 11. d, 12. d, 13. c, 14. c, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. c, 30. a, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. d, 36. d, 37. d, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. a, 45. c, 46. a, 47. a, 48. b, 49. b, 50. b

Explanation

1. Article 'the' is used before the names of mountain or mountain groups hence article 'the' is used.
3. Article 'the' is used before a singular noun to make it a general.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English Sardar Patel Mahavidyalaya, Chandrapur)

महिला खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिलाती राज्य महिला हॉकी अकादमी

मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में खुली राज्य महिला हॉकी अकादमी महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक बन गयी है। इस अकादमी ने मध्यप्रदेश ही नहीं देश की प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच देकर उन्हें महिला हॉकी का सितारा बनाया है। 15 सालों के छोटे कालखंड में ग्वालियर की इस प्रतिष्ठित खेल अकादमी से अब तक 10 महिला खिलाड़ी ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। टोक्यो ओलिंपिक में राज्य महिला हॉकी की सुशीला चानू, मोनिका मलिक और रीना खोकर देश का नाम बढ़ाने का लक्ष्य लेकर ओलिंपिक खेलने पहुंची हैं।

ग्वालियर में राज्य महिला हॉकी अकादमी की स्थापना साल 2006 में हुई। इस बारे में अकादमी के मुख्य कोच परमजीत सिंह बताते हैं कि खेल एवं युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट था जिसे उन्होंने अपने पूर्व के कार्यकाल में 2006 से साकार करना प्रारंभ किया। उनके कार्यकाल में मध्यप्रदेश में क्रिकेट, शूटिंग, तैराकी सहित विभिन्न खेल अकादमी धीरे-धीरे खुलीं, मगर ग्वालियर में राज्य महिला हॉकी अकादमी को मध्यप्रदेश की पहली हॉकी अकादमी होने का श्रेय उनके विशेष प्रयासों एवं परिश्रम से मिला। 2006 में हमने लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा संस्थान के रेस कोर्स रोड परिसर में अकादमी का संचालन प्रारंभ किया। वहां के खेल मैदानों पर हमने 24 खिलाड़ियों को हॉकी के लिए तैयार करना शुरू किया। इसके बाद जल्द ही 2009 में कंपू खेल परिसर में हमारी विशाल हॉकी अकादमी तैयार हो गयी, जिसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हमारी अकादमी में अधिक लड़कियों को हमने मौका देना शुरू किया, जिसके तहत 2007 में 32 एवं 2009 में 52 लड़कियों को हमने अकादमी में प्रवेश दिया। ये संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। 2018 से 59 लड़कियां अकादमी में रहकर हॉकी का निरंतर प्रशिक्षण ले रही हैं। आगे हमारी अकादमी ने खिलाड़ी संख्या बढ़ाने शासन को प्रस्ताव भेजा है, जिसके मंजूर होने के बाद हॉकी अकादमी में 100 लड़कियों को हॉकी में सुनहरा कॅरियर बनाने का मौका मिलेगा।

13 साल की उम्र में हॉकी अकादमी आयी थीं सुशीला चानू

राज्य महिला हॉकी अकादमी से निकलकर ओलिंपिक तक पहुंचने वाली सुशीला चानू यहां की प्रतिभा संपन्न खिलाड़ी हैं। सुशीला चानू ने 13 साल की उम्र में ग्वालियर हॉकी अकादमी में प्रवेश लिया था। इसके बाद में हॉकी खेलते हुए निरंतर उपलब्धि अर्जित कर सुशीला ने अपना चमकीला कॅरियर बनाया है। वे ग्वालियर से निकलीं रीना खोकर और मोनिका मलिक के साथ टोक्यो ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

राज्य महिला हॉकी अकादमी में हॉकी खेलकर निकलीं महिला हॉकी खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में बेहतरीन अवसर मिले हैं। खिलाड़ी कोटे से उनका रेलवे, आयकर, इंडियन ऑयल, बीपीसीएल आदि में चयन हुआ है। वे शासकीय सेवा करते हुए हॉकी के क्षेत्र में अपने संस्थान का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अनेक खिलाड़ियों को हॉकी कोच के रूप में भी अनेक संस्थानों में मौके मिले हैं। महिला अकादमी में खेलने वालीं लड़कियां ग्वालियर में कोच भी बनी हैं।

ओलिंपिक तो पहुंच गए अब मेडल मेरा लक्ष्य

हॉकी अकादमी के लिए दिन-रात एक करते हुए बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करने वाले मुख्य कोच परमजीत सिंह कहते हैं कि हमने 2006 में जब शुरुआत की थी तो ग्वालियर क्या पूरे एमपी में महिला हॉकी कहीं भी नहीं दिखती थी। धीरे-धीरे हमने पहले दूसरे राज्यों की लड़कियों को यहां मौके दिए, जिन्हें देखते हुए हमारे राज्य की लड़कियां हॉकी की ओर आकर्षित हुईं। आज 80 फीसदी लड़कियां अकादमी में हमारे राज्य की प्रवेश पाती हैं। हमारी लड़कियों ने हर तरह के नेशनल और इंटरनेशनल में प्रदेश का नाम रोशन किया है।

विवेक पाठक
(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

खेल चर्चा

इलियुड किपचोगे ने पुरुष मैराथन में जीता स्वर्ण पदक

टोक्यो, केन्या के दिग्गज धावक इलियुड किपचोगे ने मैराथन दौड़ में अपनी बादशाहत

बरकरार रखी है। किपचोगे ने टोक्यो ओलिंपिक में पुरुष मैराथन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। किपचोगे ने लगातार दूसरी बार मैराथन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है। किपचोगे ने वर्ष 2016 में रियो ओलिंपिक में भी मैराथन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। किपचोगे ने टोक्यो ओलिंपिक में 42 किलोमीटर की मैराथन रेस 2 घंटा 8 मिनट 38 सेकेंड में पूरी की। रेस में नीदरलैंड्स के अब्दी नगीये 2 घंटा 9 मिनट और 58 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता, वहीं कांस्य पदक बेल्जियम के बशीर अब्दी ने जीता। किपचोगे ने इससे पहले पुरुषों की पांच हजार मीटर दौड़ में वर्ष 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में रजत पदक जीता था वर्ष 2004 में एथेंस में कास्य पदक जीता था।

बार्सिलोना ने 44वीं बार जीती जोन गेम्पर ट्रॉफी

बार्सिलोना, स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने इटैलियन फुटबॉल क्लब जुवेंट्स को 3-0 से हराकर जोन गेम्पर ट्रॉफी जीती है। बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 44वीं बार यह ट्रॉफी जीती है। मैच में लियोनल मेसी की जगह मिडफील्डर सर्जियो बस्केट्स ने बार्सिलोना की कमान संभाली। बार्सिलोना के लिए फॉरवर्ड खिलाड़ी मेक्फिस डिपे ने मैच के तीसरे मिनट में, मार्टिन ब्रेथवेट ने 57वें मिनट में तथा रिकी पुइगो ने इंजरी टाइम (90+2) में गोल किए। स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो जुवेंट्स के लिए एक भी गोल नहीं कर पाए। उल्लेखनीय है कि बार्सिलोना हर वर्ष ला लीगा की शुरुआत से पहले विश्व की एक दिग्गज टीम के साथ दोस्ताना मैच खेलता है, इस मैच को जोन गेम्पर ट्रॉफी के नाम से जाना जाता है।

क्रिकेट को ओलिंपिक में शामिल कराने की तैयारी में आईसीसी

दुबई, खेलों के महाकुंभ ओलिंपिक में क्रिकेट को जगह दिलाने की कोशिश में

International Cricket Council

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) जुट गयी है। आईसीसी ने कहा कि वर्ष 2028 में लॉस एंजिलिस में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की कोशिश की जा रही है। आईसीसी ने इसके लिए एक वर्किंग ग्रुप गठित किया है। इस ग्रुप का काम ओलिंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने की प्रक्रिया करना है। आईसीसी ने कहा कि विश्व में करोड़ों क्रिकेट के प्रशंसक हैं। अगर क्रिकेट को ओलिंपिक खेलों में शामिल किया जाता है, तो ये काफी फायदेमंद साबित होगा।

ओलिंपिक खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

टोक्यो, भारतीय एथलीटों ने टोक्यो ओलिंपिक खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में एक स्वर्ण पदक, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक हासिल किए। इससे पहले भारत का ओलिंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2012 के लंदन ओलिंपिक खेलों में रहा था। भारत ने लंदन ओलिंपिक में दो रजत और चार कांस्य पदक जीते थे।

नीरज ने एथलेटिक्स में रचा इतिहास

भारत के एथलीट नीरज चौपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। नीरज एथलेटिक्स में ओलिंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। नीरज ने भाला फेंक स्पर्धा में 87.58 मीटर दूर भाला फेंका। स्पर्धा के फाइनल में नीरज ने पहले प्रयास में 87.03 मीटर दूर भाला फेंका। अपने दूसरे प्रयास में नीरज ने 87.58 मीटर की दूरी तय की। तीसरे प्रयास में नीरज 76.79 मीटर थ्रो ही कर सके। उनका चौथा और पांचवां प्रयास फाउल रहा। छठवें प्रयास में नीरज ने 84.24 मीटर दूर भाला फेंका। नीरज का दूसरा प्रयास उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने का आधार बना। नीरज के अलावा अन्य कोई एथलीट 87 मीटर की दूरी तय नहीं कर पाया। स्पर्धा के रजत और कांस्य पदक चेक गणराज्य के एथलीटों के नाम रहा। चेक गणराज्य के लिए जैकब वाडलेच (86.67 मीटर) ने रजत तथा विटेजलाय वेसेली (85.44) ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत के पदक विजेता

क्र.	नाम	स्पर्धा	पदक
1.	नीरज चौपड़ा	भाला फेंक	स्वर्ण
2.	मीराबाई चानू	भारोत्तोलन	रजत
3.	रवि कुमार दाहिया	कुश्ती	रजत
4.	पी.वी. सिंधु	बैडमिंटन	कांस्य
5.	लवलीना बोरगोहेन	मुक्केबाजी	कांस्य
6.	बजरंग पूनिया	कुश्ती	कांस्य
7.	पुरुष हॉकी टीम	हॉकी	कांस्य

कुश्ती में बजरंग ने जीता कांस्य पदक

टोक्यो ओलिंपिक में भारत को कुश्ती में दो पदक मिले। 57 किलोग्राम भार वर्ग में रवि कुमार दाहिया ने रजत पदक जीता, वहीं 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने कांस्य पदक हासिल किया। बजरंग को अपने वर्ग में स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन सेमीफाइनल में बजरंग अजरबेजान के हाजी अलियेव से हार गए थे। ओलिंपिक से पहले लगी चोट का असर बजरंग के ओलिंपिक अभियान पर पड़ा। चोट के कारण बजरंग अपना स्वाभाविक और आक्रामक खेल नहीं दिखा सके, लेकिन कांस्य पदक के लिए हुए रैपचेज मुकाबले में बजरंग ने चोट की परवाह किए बिना कजाकिस्तान के दौलत नियाजकेकोव को अपने चिर-परिचित अंदाज में 8-0 से पटखनी दी और कांस्य पदक जीता।

अदिति, दीपक और महिला टीम का सराहनीय प्रदर्शन

भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में भले ही 7 पदक जीते हैं, लेकिन कुछ खेलों में हम पदक जीतने में बेहद नजदीक रहे हैं। गोल्फ में अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन कर महिला वर्ग में चौथे स्थान पर रहीं। अदिति आखिरी शॉट में महज कुछ सेंटीमीटर से पदक से चूक गईं, वहीं कुश्ती में युवा पहलवान दीपक पूनिया कांस्य पदक मैच में हार गए। महिला हॉकी टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। मुक्केबाजी में पूजा रानी और सतीष कुमार क्वार्टर फाइनल में हार गए। अगर ये दोनों मुक्केबाज एक-एक मैच और जीत लेते तो मुक्केबाजी में हमें 2 कांस्य पदक और मिलते। इसके अलावा महिला चक्का फेंक के फाइनल में कमलप्रीत कौर ने छठवां स्थान हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों ने भले ही पदक नहीं जीता हो, लेकिन अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। उम्मीद है कि पेरिस ओलिंपिक में ये खिलाड़ी जीतेंगे और भारत पदक तालिका में ऊपर उठेगा।

बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को ट्वेंटी-20 सीरीज में 4-1 से हराया

ढाका, बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा उलटफेर करते हुए पांच बार की वन-डे वर्ल्डकप चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को ट्वेंटी-20 सीरीज में पटखनी दी है। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। बांग्लादेश ने सीरीज का पांचवां और अंतिम मैच 60 रन से जीता।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में 122 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम ने सर्वाधिक 23 रन बनाए।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज डेन क्रिस्टियन (3) और मिशेल मार्श (4) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद कप्तान मैथ्यू वेड (22) और बेन मैक्डेरमोट (17) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम बिखर गई। महज 62 रन के स्कोर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ऑलआउट हो गई। वेड और मेक्डेरमोट के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू नहीं पाया।

बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने 9 रन देकर 4 विकेट लिए, वहीं मोहम्मद सैफुद्दीन ने 3, नसुम अहमद ने 2 तथा महमुदुल्लाह ने एक विकेट हासिल किया। इससे पहले बांग्लादेश ने सीरीज का पहला मैच 23 रन से, दूसरा मैच पांच विकेट से और तीसरा मैच 10 रन से जीता था, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने चौथा मैच 3 विकेट से अपने नाम किया था।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला मैच ड्रॉ

नॉटिंघम, भारत और इंग्लैंड के बीच नॉटिंघम में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया है। बारिश के कारण मैच का पांचवां और अंतिम दिन पूरी तरह रद्द हो गया। मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में महज 183 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए कप्तान जो रूट ने सर्वाधिक 64 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी में 278 रन बनाए। भारत के लिए के.एल. राहुल ने 84 रन तथा रविंद्र जडेजा ने 56 रन बनाए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बढ़िया प्रदर्शन करते हुए 303 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने शतकीय पारी खेली। भारत को दूसरी पारी में जीत के लिए 209 रन का लक्ष्य मिला। भारत एक समय एक विकेट पर 52 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था, लेकिन बारिश के कारण पांचवें दिन का खेल रद्द हो गया।

टोक्यो ओलिंपिक

अमेरिका ने पदक तालिका में हासिल किया पहला स्थान

टोक्यो, जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित ओलिंपिक खेलों का समापन हो गया है। 32वें ओलिंपिक खेलों में अमेरिका ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। अमेरिका ने 39 स्वर्ण, 41 रजत और 33 कांस्य पदक सहित कुल 113 पदक जीते। अमेरिका टोक्यो ओलिंपिक में सौ से ज्यादा पदक जीतने वाला एकमात्र देश है। पदक तालिका में 38 स्वर्ण, 32 रजत और 18 कांस्य पदक के साथ चीन दूसरे तथा 27 स्वर्ण, 14 रजत और 17 कांस्य पदक के साथ मेजबान जापान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

तिरानवें देशों ने जीते पदक

खेलों के महाकुंभ कहे जाने वाले ओलिंपिक खेलों में इस बार 203 देशों तथा 3 विशेष दलों ने हिस्सा लिया। इसमें से 93 देश या दल ही पदक जीतने में सफल रहे। टोक्यो ओलिंपिक में 65 देशों ने स्वर्ण पदक जीते हैं। पदक तालिका में एक बार फिर अमेरिकी और यूरोपीय देशों का दबदबा रहा।

नए खेलों में जापान का रहा दबदबा

टोक्यो ओलिंपिक में स्केटबोर्डिंग, कराटे, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग और सर्फिंग जैसे खेल पहली बार शामिल किए गए हैं। इन नए खेलों में मेजबान जापान ने अपना दबदबा बनाया। जापान ने स्केटबोर्डिंग में चार में से तीन स्वर्ण पदक जीते, इसके अलावा एक रजत तथा एक कांस्य पदक भी स्केटबोर्डिंग में जीता है। जापान ने स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग और सर्फिंग खेल में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है, वहीं कराटे में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। वर्ष 2008 के बाद बेसबॉल की ओलिंपिक में वापसी हुई।

पदक तालिका (टॉप-10)

क्र.	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1.	अमेरिका	39	41	33	113
2.	चीन	38	32	18	88
3.	जापान	27	14	17	58
4.	ब्रिटेन	22	21	22	65
5.	आरओसी	20	28	23	71
6.	ऑस्ट्रेलिया	17	07	22	46
7.	नीदरलैंड्स	10	12	14	36
8.	फ्रांस	10	12	11	33
9.	जर्मनी	10	11	16	37
10.	इटली	10	10	20	40

महिला हॉकी टीम के कोच मॉरिने ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच थ्योर्ड मॉरिने ने कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। मॉरिने ने कहा कि भारतीय महिला टीम के कोच के रूप में टोक्यो ओलिंपिक मेरा आखिरी काम था। आगे कोचिंग की मेरी कोई योजना नहीं है। मॉरिने के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलिंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। मॉरिने को वर्ष 2017 में भारतीय महिला हॉकी टीम का कोच बनाया गया था, इसके कुछ महीने बाद उन्हें पुरुष हॉकी टीम की कमान सौंपी गई थी। वर्ष 2018 में एक बार फिर मॉरिने को महिला टीम का कोच बनाया गया था। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने मॉरिने को कोचिंग कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन मॉरिने ने पारिवारिक कारणों से इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश को किया निलंबित

नई दिल्ली, भारतीय कुश्ती महासंघ ने महिला पहलवान विनेश फोगाट को अनुशासनहीनता के कारण अस्थाई रूप से निलंबित किया है। इसके अलावा महासंघ ने एक अन्य महिला पहलवान सोनम मलिक को भी नोटिस जारी किया है। महासंघ ने कहा कि विनेश ने टोक्यो ओलिंपिक के दौरान भारतीय एथलीटों के साथ खेल गांव में रहने तथा प्रशिक्षण करने से इनकार किया था। इसके अलावा विनेश ने भारतीय दल के आधिकारिक प्रायोजक के लोगो वाली जर्सी की जगह एक निजी कंपनी के लोगो वाली जर्सी पहनकर कुश्ती लड़ी थी। महासंघ ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुये विनेश को अस्थाई रूप से निलंबित किया है।

जेनिक सिनर ने जीता वॉशिंगटन ओपन

वाशिंगटन, इटली के नवोदित टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने वॉशिंगटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। सिनर यह टूर्नामेंट जीतने वाले पहले इटैलियन खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर ने वॉशिंगटन ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी मैकेंजी मैक्डोनाल्ड को 7-5, 4-6, 7-5 से हराया दोनों खिलाड़ियों के बीच खिताबी मुकाबला तीन घंटे तक चला। 20 वर्षीय सिनर यह टूर्नामेंट जीतने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। सिनर से पहले वर्ष 2001 में एंडी रौडिक (18 वर्ष) तथा जुआन मार्टिन डेल पोत्रोत (19 वर्ष) 2008 में चैम्पियन बने थे। ये सिनर के टेनिस कॅरियर का तीसरा एटीपी खिताब है। सिनर इससे पहले वर्ष 2020 में सोफिया ओपन तथा वर्ष 2021 में ग्रेट ओशन रोड ओपन भी जीत चुके हैं।

मेसी ने पेरिस सेंट जर्मेन के साथ किया करार

पेरिस, अर्जेंटीना के सुपर स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अब फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन के लिए खेलते हुए नजर आयेंगे। बार्सिलोना क्लब छोड़ने के बाद मेसी ने पेरिस सेंट जर्मेन क्लब के साथ करार किया है। पेरिस सेंट जर्मेन की फॉरवर्ड लाइन में मेसी अब नेमार और किलियन एम्बाप्पे के साथ खेलेंगे। मेसी ने पेरिस सेंट जर्मेन के साथ 3.5 करोड़ डॉलर प्रति वर्ष का करार किया है। उल्लेखनीय है कि मेसी 21 वर्ष पहले 13 वर्ष की उम्र में बार्सिलोना की यूथ एकेडमी में शामिल हुए थे। बार्सिलोना के साथ मेसी का कार्यकाल इस वर्ष 30 जून को खत्म हो गया था। बार्सिलोना की आर्थिक स्थिति खराब है, ऐसे में क्लब ने मेसी के साथ करार खत्म करने का फैसला लिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

ईरान ने

अफगान में भारत की भूमिका को सराहा

ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से कहा कि उनका देश और भारत विशेष रूप से अफगानिस्तान में सुरक्षा सुनिश्चित करने में रचनात्मक और उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। तेहरान युद्धग्रस्त देश में नई दिल्ली की भूमिका का स्वागत करता है।

रईसी ने यह टिप्पणी जयशंकर के साथ मुलाकात के दौरान की। मुलाकात के एक दिन पहले ही 60 वर्षीय ईरानी नेता ने देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। यह एक महीने में दोनों देशों के नेताओं के बीच दूसरी मुलाकात थी। जयशंकर ने सात जुलाई को रूस जाते हुए, रास्ते में ईरान की राजधानी में रुकने के दौरान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रईसी से मुलाकात की थी। बैठक के दौरान, ईरानी राष्ट्रपति ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता विकसित करने में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय के महत्व पर जोर दिया।

'पीएम-किसान' योजना

किसान परिवारों के खातों में भेजी गई 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत वित्तीय लाभ की अगली किस्त जारी की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत भी की। 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि, 9.75 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को अंतरित की गई। यह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत वित्तीय लाभ की 9वीं किस्त थी।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने बुआई के मौसम के बारे में चर्चा की और यह उम्मीद जताई कि प्राप्त हुई राशि से किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने एक लाख करोड़ रुपये की निधि वाली किसान इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की योजना के एक साल पूरे होने का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने शहद मिशन (मिशन हनी-बी) और नेफेड की दुकानों में जम्मू-कश्मीर के केसर बनाए जाने जैसी पहलों के बारे में चर्चा की। शहद मिशन की वजह से 700 करोड़ रुपये के शहद का निर्यात हुआ है, जिससे किसानों की अतिरिक्त आय हुई है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 में, जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, भारत की स्थिति को निर्धारित करने में हमारी कृषि और हमारे किसानों की बड़ी भूमिका होगी। यह समय भारत की कृषि को नई चुनौतियों का सामना करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए दिशा देने का है। उन्होंने बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप भारतीय कृषि में बदलाव लाने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे खरीफ या रबी का सीजन रहा हो, सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से अब तक की सबसे बड़ी खरीद की है। इससे करीब एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये सीधे धावल का उत्पादन करने वाले किसानों के खाते में पहुंचे हैं और करीब 85,000 करोड़ रुपये सीधे गेहूं का उत्पादन करने वाले किसानों के खाते में गए हैं।

प्रधानमंत्री ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए एक दृढ़ संकल्प के रूप में "राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम यानी एनएमईओ-ओपी" पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज जब देश 'भारत छोड़ो आंदोलन' को स्मरण कर रहा है, इस ऐतिहासिक दिन पर यह दृढ़ संकल्प हमें नई ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम" मिशन के जरिए खाद्य तेल से जुड़ी समग्र व्यवस्था में 11,000 करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश किया जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसानों को बेहतरीन बीजों से लेकर प्रौद्योगिकी तक सभी सुविधाएं मिलें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की कृषि नीतियों में अब छोटे किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी भावना के साथ पिछले कुछ वर्षों से इन छोटे किसानों को सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्यंत गंभीरता पूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं। "पीएम किसान सम्मान निधि" के तहत अब तक किसानों को 1 लाख 60 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इनमें से 1 लाख करोड़ रुपये महामारी के संकटकाल के दौरान छोटे किसानों को अंतरित किए गए हैं। कोरोनाकाल के दौरान 2 करोड़ से भी अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिनमें से अधिकांश छोटे किसानों को दिए गए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापारिक रिश्तों को मजबूत बनाएंगे

भारत व ऑस्ट्रेलिया अपने व्यापारिक व आर्थिक रिश्तों को मजबूत बनाएंगे। दोनों ही देश एक-दूसरे को व्यापारिक गतिविधियों में सहयोग करेंगे और ऊर्जा क्षेत्र में भी ऑस्ट्रेलिया अपनी गतिविधियों को बढ़ाएगा। केन्द्रीय कोयला, खान व संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने ऑस्ट्रेलिया से ऊपरी सतह और गहराई में मौजूद कोयले को गैस में बदलकर उस गैस को बाहर लाने तथा कोयले की सतह पर प्राकृतिक रूप से उत्पन्न मीथेन गैस को निकालने में सहयोग की अपील की।

केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री और विशेष व्यापार दूत श्री टोनी ऐबट के नेतृत्व में आये एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल के साथ चर्चा की।

बातचीत में खासतौर से ऊर्जा सेक्टर में गतिविधियों को बढ़ाने पर गौर किया गया, जिसमें भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने तथा भारत की महत्वाकांक्षी नीतिगत एजेंडा के समर्थन में ऑस्ट्रेलिया के संसाधनों का इस्तेमाल शामिल था। मौजूदा सरकार के दौर में कोयला सेक्टर को खोलने के बारे में शिष्टमंडल को जानकारी देते हुए जोशी ने कहा कि भारत में ऊर्जा के प्रमुख स्रोत के रूप में कोयले का बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार देश में कोयला उत्पादन को बढ़ाने के समुचित प्रयास कर रही है।

जोशी ने ऑस्ट्रेलिया के शिष्टमंडल से आग्रह किया कि ऊपरी सतह और गहराई में मौजूद कोयले को गैस में बदलकर उस गैस को बाहर लाने तथा कोयले की सतह पर प्राकृतिक रूप से उत्पन्न मीथेन गैस, आदि को निकालने में ऑस्ट्रेलिया सहयोग करें और इन क्षेत्रों से सम्बंधित प्रौद्योगिकी प्रदान करे।

- **ऑस्ट्रेलिया के शिष्टमंडल ने जोशी के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापारिक और आर्थिक रिश्ते बढ़ाने पर बातचीत की।**
- **टोनी ऐबट के साथ भारत स्थित ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ' फैरल और ऑस्ट्रेलिया उच्चायोग के आर्थिक सलाहकार यू बॉयलन भी मौजूद थे।**

आईएसी विक्रांत

स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत की पहली समुद्री यात्रा पूरी

भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक (आईएसी) विक्रांत ने पांच दिवसीय अपनी पहली समुद्री यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस 40,000 टन वजनी युद्धपोत की प्रमुख प्रणालियों का प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया। रक्षा पीआरओ ने इसकी जानकारी दी। 'आत्मनिर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' के तहत तैयार हुए देश के पहले विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत का समुद्री परीक्षण हुआ था। जुलाई में इसके तटीय परीक्षण सफल रहे थे। उम्मीद है कि परीक्षण सफल रहे, तो विक्रांत 2022 में नौसेना की ताकत और बढ़ाएगा। इससे

पहले रक्षा मंत्रालय कार्यालय ने ट्वीट कर बताया था कि स्वदेशी विमान वाहक विक्रांत के समुद्री परीक्षणों की शुरुआत हो चुकी है। ट्वीट में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट कैरियर का स्वदेशी निर्माण, आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया इनिशिएटिव' के लिए देश की खोज में एक जबरदस्त उदाहरण है।

ईओएस-03

तकनीकी खराबी के चलते नहीं हो सकी लॉन्चिंग

आजादी के 75वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारियों के बीच इसरो ने अंतरिक्ष में भारत का निगहबान करने वाला ईओएस-03

- **जीएसएलवी रॉकेट में पहली बार ऑगिव शेप्ड पेलोड फेयरिंग का इस्तेमाल हो रहा है।**
- **उपग्रह में 6 बैंड मल्टीस्पेक्ट्रल दृश्य लगा है।**
- **नियर-इंफ्रा-रेड के 42 मीटर रिज़ॉल्यूशन के पेलोड इमेजिंग सेंसर भी लगे हैं।**

उपग्रह बनाया है।

इस उपग्रह को 12 अगस्त को लॉन्च किया जाना था। लॉन्चिंग के सभी चरण सफल होते गए, लेकिन तीसरे तरण में

क्रायोजेनिक इंजन में तकनीकी खराबी के चलते मिशन सफल नहीं हो सका। यह उपग्रह एक दिन में पूरे देश की चार-पांच तस्वीर भेजेगा। मौसम संबंधित महत्वपूर्ण डेटा भेजेगा। बाढ़ और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं की सही जानकारी मिलेगी।

ग्रीस का दूसरा सबसे बड़ा द्वीप इविया आग में घिरा

यूनान में पांच दिनों से लगी जंगल की आग के कारण शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। आग ने देश के दूसरे सबसे बड़े द्वीप इविया के आधे हिस्से को अपने चपेट में ले लिया है। समुद्री तट तक आग पहुंच गई है। इविया के उत्तरी छोर के निकट समुद्र किनारे के क्षेत्र पेफकी पर तटरक्षक बल के दो पोत समेत कुल दस पोत जरूरत पड़ने पर तैयार खड़े हैं।

वहीं दूसरी ओर कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी भयावह आग के कारण लोगों के मन में भय है, क्योंकि हजारों घरों के जलने का खतरा मंडरा रहा है। हवाओं और बेहद शुष्क वनस्पति के कारण यह इतिहास में सबसे बड़ी आग का रूप लेती जा रही है।

जर्मनी ने

20 साल बाद चीन सागर में उतारा जंगी जहाज

चीन को चुनौती देने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन के बाद अब जर्मनी ने भी दक्षिण चीन सागर में अपना जंगी जहाज भेजा है। जर्मनी का युद्धपोत 20 साल बाद पहली बार दक्षिण चीन सागर से गुजरेगा। इससे पहले 2002 में उसका युद्धपोत इस जल क्षेत्र से गुजरा था।

जर्मनी ने लगभग दो दशकों में पहली बार दक्षिण चीन सागर में अपना युद्धपोत भेजा। जर्मनी भी चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति का विस्तार करने के लिए अन्य पश्चिमी देशों में शामिल हो गया।

अमेरिका ने लड़ाकू विमानों से बरसाए बम

अमेरिका के बी-52 बमवर्षक विमानों ने अफगानिस्तान के जावजान प्रांत की राजधानी शेबेरगन में तालिबान के ठिकानों पर हवाई हमले किए। इसमें 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। वहीं, 24 घंटे में देश में 572 आतंकी मारे गए।

अफगानिस्तानी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता फवाद अमान ने ट्वीट कर बताया कि अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने जावजान प्रांत की राजधानी शेबेरगन में तालिबानी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिनमें 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। हवाई हमले में बड़ी मात्रा में आतंकवादियों के हथियार, गोला-बारूद और 100 से अधिक वाहन नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि

अमेरिकी विमानों को निमरोज, जावजान, कंधार, हेरात, लश्करगाह और हेलमंद प्रांतों पर तालिबान की पकड़ कमजोर करने के लिए भेजा गया है। तालिबान ने घोषणा की कि उसने दक्षिण-पश्चिमी प्रांत निमरोज और उत्तरी प्रांत जावजान पर कब्जा कर लिया है। नाटो देशों की सेनाओं और अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद आतंकी हमले तेज हो गए हैं।

अलास्का में तीव्र भूकंप

अमेरिका के अलास्का प्रायद्वीप में भूंकप का जोरदार झटका महसूस किया गया। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का

- **रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 8.2 रही। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने सुनामी की चेतावनी जारी की है।**

केंद्र पेरीविले से 56 मील दक्षिण-पूर्व रहा। पेरीविले अलास्का के सबसे बड़े शहर एंकरेज से करीब 500 मील की दूरी पर एक छोटा सा गांव है। अलास्का भूकंपीय रूप से सक्रिय पैसिफिक रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है।

6 की तीव्रता वाला भूकंप खतरनाक होता है :- भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक,

भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है। इस स्केल पर 2.0 या 3.0 की तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 की तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना का टीका लगवाने का रखें ध्यान, समझो सुरक्षित कर ली अपनी जान।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन
सुमन
suman.nhp.gov.in

आदर सम्मान के साथ
मुफ्त उपचार, सुमन के साथ
मिलेंगी खुशियाँ अपार

- एम्बुलेंस सेवा (108)
- कम से कम 4 प्रसव पूर्व जाँच सेवा यूएसजी सहित
- डिलीवरी नार्मल या ऑपरेशन (सी-सेक्शन) से
- माँ के लिए लैब टेस्ट, दवाएं (गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के 6 महीने बाद तक) और शिशु के लिए (1 साल तक)
- आदर सम्मान के साथ देखभाल
- शिकायत निवारण सुविधा (टोल-फ्री नंबर 104)

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन "सुमन" अभियान
के अंतर्गत निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं।

अगर कोई असुविधा हो,
तो कॉल करें - **104**

M.P. Madhyam/101624/R-45825/2021

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।